

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र

धरती के जन्नत को नर्क बना दिया :- पेज 8 | राहुल ने बोझ को पीछे छोड़ दिया है: पुजारा- पेज 8

वर्ष : 01 | अंक: 21 | गुरुवार- 24 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


## सजा में संशोधन करने संबंधी उच्च न्यायालय की प्रक्रिया पूरी तरह से अस्वीकार्य: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि तीन व्यक्तियों की दोषसिद्धि की समीक्षा और उसमें संशोधन को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की ओर से अपनाई गई प्रक्रिया पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इसके साथ ही न्यायालय ने संबंधित आदेश को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 362 का हवाला दिया और कहा कि प्रावधान के अनुसार एक बार किसी मामले के निपटारे के लिए निर्णय और अंतिम आदेश पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद, किसी भी अदालत को लिपिकीय या अंकगणितीय त्रुटि को ठीक करने के अलावा उसमें बदलाव या समीक्षा करने



का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा, हम यह समझने में असफल रहे कि वर्तमान मामले में भी उच्च न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 362 के प्रावधानों में सरल और स्पष्ट शब्दों के इस्तेमाल के बावजूद ऐसी गलती कैसे कर दी।

उच्चतम न्यायालय का यह फैसला मामले के शिकायतकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए दायर अलग-अलग अपीलों पर आया है। एक आरोपी ने बरी किये जाने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस मामले में मई, 2018 में दिये गये अपने फैसले में तीनों आरोपियों द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया था। उच्च न्यायालय के समक्ष आरोपियों ने निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के अपराध में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। फरवरी 2019 में, उच्च न्यायालय ने आरोपी व्यक्तियों की याचिका पर मई 2018 के अपने फैसले को संशोधित किया था और उनकी सजा को आईपीसी की धारा 304, भाग-दो के तहत कमतर आरोप में बदल दिया। आईपीसी की धारा 304, भाग-दो गैर-इरादतन हत्या से संबंधित है। इसके बाद उच्च न्यायालय ने उनमें से एक को 10 साल, जबकि बाकी को पांच-पांच साल जेल की सजा सुनाई गई। उच्च न्यायालय ने मई, 2018 के फैसले में आरोपियों की दलील को खारिज कर दिया था और हत्या के लिए उनकी दोषसिद्धि की पुष्टि की थी। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपने फरवरी 2019 के आदेश में पाया था कि यह घटना अचानक उकसावे का परिणाम प्रतीत होती है।

### पहलगाम हमला: न्यायाधीशों और वकीलों ने पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी



*उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किये गए जघन्य आतंकवादी हमले पर बुधवार को दुख व्यक्त किया और इसकी कड़ी निंदा की। शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों और वकीलों ने एक मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। पूर्ण न्यायालय की बैठक में न्यायालय ने सर्वसम्मति से आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। बयान में कहा गया है, हिंसा के इस शैतानी कृत्य ने सभी की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और यह आतंकवाद से फैलने वाली क्रूरता और अमानवीयता की स्पष्ट याद दिलाता है।*

### जेल में बंद अपराधी कोई गुलाम नहीं : दिल्ली उच्च न्यायालय

*दिल्ली उच्च न्यायालय ने बलात्कार और हत्या से जुड़े एक मामले में सजायाफ्ता एक व्यक्ति की पैरोल अर्जी यह कहते हुए स्वीकार कर ली कि सिर्फ इसलिए कि कोई अपराधी 20 साल से अधिक समय से जेल में है, उसके साथ ह्यगुलामह्न जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा कि इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि याचिकाकर्ता ने अपने अपराध के लिए दो दशक से अधिक समय जेल में बिताया है। न्यायमूर्ति कृष्णा ने 16 अप्रैल के अपने फैसले में कहा, उसे जीवन के मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। सिर्फ इसलिए कि वह जेल में कैद है, उसके साथ गुलाम जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता, जिसे कोई बुनियादी मौलिक मानवाधिकार हासिल नहीं है।*

## संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचन आयोग ने बिहार से बीएलओ के नए बैच को प्रशिक्षित किया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** निर्वाचन आयोग (ईसी) बिहार के बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के एक नए बैच को प्रशिक्षण दे रहा है। प्रदेश में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव संभावित है। इस चुनावी राज्य से प्रशिक्षित होने वाला यह तीसरा बीएलओ बैच है। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के 229 बीएलओ, 12 मतदाता पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आयोग ने कहा कि राज्य पुलिस नोडल अधिकारियों (एसपीएनओ) और बिहार के पुलिस अधिकारियों के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी बुधवार को शुरू हुआ।
प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी की उपस्थिति में किया और उसके बाद प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। बीएलओ को वैधानिक ढांचे के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराने और उन्हें त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण की योजना बनाई गई है। अब तक बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 555 बीएलओ और बिहार के 10 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के 279 बूथ-स्तरीय एजेंटों (बीएलए-1) को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### दिल्ली की अदालत ने मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने बुधवार को नर्मदा बचाओ आंदोलन (एनबीए) की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। अदालत ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना द्वारा दायर मानहानि के मामले में उन्हें परिवीक्षा बॉण्ड और एक लाख रुपये का जुमार्ना जमा करने के लिए कहा था। सक्सेना ने यह मामला 23 साल पहले उस वक्त दायर किया था; जब वह गुजरात में एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने 70-वर्षीय पाटकर को मानहानि के मामले में दोषी करार दिया था। अदालत ने आठ अप्रैल को उन्हें अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया, लेकिन उन पर एक लाख रुपये के जुमार्ने की पूर्व-शर्त भी लगाई थी। यह मामला अदालत में बुधवार को पाटकर की उपस्थिति, परिवीक्षा बॉण्ड प्रस्तुत करने और जुमार्ना राशि जमा करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था। सक्सेना के वकील गजिंदर कुमार ने कहा कि पाटकर न तो उपस्थित हुईं और न ही उन्होंने अदालत के निदेर्शों का पालन किया। उन्होंने कहा, आज के मामले में, दिल्ली पुलिस आयुक्त के माध्यम से पाटकर के खिलाफ एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) जारी किया गया है, और अदालत ने पाया है कि दोषी द्वारा स्थगन का अनुरोध करने वाली अर्जी शरारतपूर्ण और ओछी है। वकील ने कहा, ह्यह्ययदि दोषी सुनवाई की अगली तारीख (तीन मई) तक आदेश का पालन नहीं करतीं, तो अदालत आठ अप्रैल को सुनाई गई सजा में बदलाव पर विचार करेगी। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। सक्सेना ने नेशनल काउंसिल ऑफ सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष के रूप में पाटकर के खिलाफ 24 नवंबर 2000 को जारी उनकी मानहानिकारक प्रेस विज्ञप्ति के लिए मामला दर्ज कराया था।

पहलगाम हमला

# प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक की

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले के एक दिन बाद बुधवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। इस हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री के अलावा सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं। सीतारमण अपनी आधिकारिक यात्रा को बीच में ही छोड़कर अमेरिका से वापस आ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को सऊदी अरब से सुबह-सुबह वापस आ गए। प्रधानमंत्री ने अपने आगमन के तुरंत बाद हवाई अड्डे पर एक बैठक की, जिसमें उन्होंने जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल के साथ जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले पर चर्चा की। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी बैठक में मौजूद थे।



### मोदी का 24 अप्रैल को प्रस्तावित कानपुर दौरा रद्द


जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बृहस्पतिवार को प्रस्तावित कानपुर का दौरा रद्द कर दिया गया है। इस दौरे में उन्हें विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मोदी को 24 अप्रैल को कानपुर आना था, जहां उन्हें 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को हुए आतंकी हमले के मद्देनजर और लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। इस हमले में कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी की भी मौत हो गई है।

### कश्मीर यात्रा की 90 फीसदी बुकिंग रद्द: दिल्ली की ट्रैवल एजेंसियां

दिल्ली की कई ट्रैवल एजेंसियों ने बुधवार को बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों द्वारा सुरक्षा कारणों से जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द करा दी गई हैं। कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल में शंकर मार्केट स्थित स्वान ट्रैवलर्स नाम की एक कंपनी के मालिक गौरव राठी ने बताया कि लगभग 25 लोगों ने उनसे जम्मू-कश्मीर के लिए अपनी बुकिंग रद्द करने को कहा है। उन्होंने बताया कि अधिकांश पर्यटकों ने अगले महीने कश्मीर जाने की योजना बनाई थी और अब वे बुकिंग रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं।


### 'भारत आतंकवाद के सामने घुटने नहीं टेकेगा'

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश आतंकवाद के आगे



घुटने नहीं टेकेगा और जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित करने के बाद उन्होंने एक्स पर कहा भारी मन से, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। इस नृशंस आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर प्रमुख पर्यटक स्थल बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

### 'पाकिस्तान को आतंकवादी संगठन घोषित किया जाए'



राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है और ऐसे में सरकार को इस पड़ोसी देश को आतंकवादी संगठनघोषित कर उसके विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की उस हालिया टिप्पणी का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था।

### 'हमले में शामिल लोगों को कड़ा जवाब मिलेगा'



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शामिल लोगों को निकट भविष्य में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और भारत ऐसी किसी भी आतंकवादी गतिविधि से भयभीत नहीं हो सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत न केवल उन लोगों को ढूंढ़ेगा जिन्होंने हमला किया, बल्कि उन लोगों का भी पता लगाएगा जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर भारतीय धरती पर इस नापाक कृत्य को अंजाम देने की साजिश रची।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहलगाम हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट नरवाल को श्रद्धांजलि दी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनका पार्थिव शरीर बुधवार को कश्मीर से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। मुख्यमंत्री ने नरवाल के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया और उनकी पत्नी को सांत्वना देते भी नजर आईं।

पहलगाम के बैसरन में आतंकवादियों ने मंगलवार को पर्यटकों को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई।

मृतकों में हरियाणा के करनाल निवासी 26 वर्षीय नरवाल भी शामिल हैं, जो अपनी पत्नी के साथ पहलगाम में छुट्टियां मना रहे थे। नरवाल हाल ही में शादी के बंधन में बंधे थे।

## समाजवादी पार्टी के विधायक ने पहलगाम हमले के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराया

**बलिया (उप्र) (एजेंसी)** बैरिया से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक जय प्रकाश अंचल ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के लिए सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराते हुए बुधवार को कहा कि उचित सुरक्षा उपायों से इस त्रासदी को टाला जा सकता था।

सपा के बैरिया क्षेत्र के दूसरी बार के विधायक अंचल ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर संवाददाताओं से कहा कि इस हमले से पूरा देश गमगीन है। अंचल ने कहा कि पर्यटन स्थल पर सुरक्षा का इंतजाम न होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है और अगर सुरक्षा का बंदोबस्त रहता तो शायद इस तरह की घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

विधायक ने कहा कि इस घटना



की वजह से पर्यटकों में भय रहेगा और वे कश्मीर जाने से हिचकेंगे जिससे घाटी के लोगों के रोजगार पर असर पड़ेगा।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर प्रमुख पर्यटक स्थल बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों ने हमला किया था, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। इनमें ज्यादातर पर्यटक हैं।

## एक राष्ट्र एक चुनाव: समिति- व्यापारियों, आईआईटी, राज्य चुनाव आयोगों, क्षेत्रीय दलों के विचार सुनेगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** एक राष्ट्र एक चुनाव संबंधी विधेयक की समीक्षा कर रही संसदीय समिति इस मुद्दे पर विचार-विमर्श को व्यापक बनाने के लिए मशहूर हस्तियों, व्यापारियों और खेल जगत के दिग्गजों के अलावा क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के विचार सुनेगी।

संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि समिति अगले महीने अपने अध्ययन दौरे के दौरान राज्य प्रशासन के अलावा खेल व मनोरंजन जगत, कानूनी बिरादरी और शिक्षाविदों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क करेगी।

समिति 17 मई से 22 मई तक महाराष्ट्र और उत्तराखंड के अपने दौरे के दौरान मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, विभिन्न विभागों के



प्रमुखों, राज्य निर्वाचन आयोग, स्टॉक एक्सचेंज और बैंकों से भी बात करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इन बैठकों का ब्योरा फिलहाल तैयार किया जा रहा है, लेकिन समिति अपने विचार-विमर्श के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख लोगों से राय लेने के लिए उत्सुक है। संसद की 39-सदस्यीय समिति के 17 से 20 मई के बीच मुंबई में और अगले दो दिनों तक देहरादून में रहने की उम्मीद है। समिति में दो विशेष आमंत्रित सदस्य भी हैं।

सूत्रों ने बताया हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समिति मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के विचार सुन सकती है।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला: धर्मेंद्र प्रधान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है और यह एक मजबूत व स्थिर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण कारक साबित होगा। प्रधान स्टूडेंट्स फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन नाम के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे, जिसमें देश भर के छात्र नेताओं ने भाग लिया। उन्होंने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है, जो एक मजबूत और स्थिर भारत की दिशा में निर्णायक साबित होगा।
प्रधान ने कहा, यह विषय अब कानूनी और राजनीतिक चर्चाओं से आगे



बढ़कर देश के मुख्य एजेंडे का हिस्सा बन गया है। किसी भी बड़े राष्ट्रीय निर्णय को अंजाम तक ले जाने के लिए नीति, योजना, रणनीति और सबसे महत्वपूर्ण जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह केवल चुनाव खर्च और आचार संहिता तक सीमित विषय नहीं बल्कि यह देश की राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और विकास को नयी दिशा देने का माध्यम है। प्रधान ने आरोप लगाया कि विपक्ष के नकारात्मक रवैये जनादेश का अपमान होता है। उन्होंने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि यह समय, भारत का समय है तो विपक्ष का नकारात्मक रवैया दुर्भाग्यपूर्ण होता है। इससे न केवल देश की संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठता है बल्कि जनादेश का भी अपमान होता है।

## संपादकीय

# सब्सिडी मॉडल ना करेगा पंजाब का भला

सही मायनों में हमें हर किसी मुफ्त चीज की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यही सिद्धांत किसी देश व राज्य की अर्थव्यवस्था पर भी लागू होता है। लोकलुभावन राजनीति के चलते वोट जुटाने के लिये जिन मुफ्त की योजनाओं को पंजाब में लागू किया गया, उसने राज्य की तरक्की की गति को कुंद ही बना दिया है। वैसे भी देखा जाए तो किसानों को लुभाने के लिये पंजाब में जो मुफ्त बिजली का खेल खेला गया था, वह कृषि के विकास में सहायक साबित नहीं हो रहा है। सही मायनों में यह लोकलुभावन दांव जड़ता का प्रतीक बनकर रह गया है। वर्ष 1997 में छोटे किसानों के लिये लिए शुरू किया गया बिजली सब्सिडी खेल, महज वोट बटोरने का साधन बनकर रह गया है। सच बात तो यह है कि कोई भी राजनीतिक दल ऐसी मुफ्त की सुविधाओं को, वोट कटने की आशंका के चलते बंद करने का जोखिम भी नहीं उठाता। यह विडंबना ही है कि जिस धन को कृषि की तरक्की, ऊर्जा के बेहतर उपयोग तथा सार्वजनिक जवाबदेही से जुड़े संरचनात्मक विकास के लिये खर्च किया जाना चाहिए था, उसे सब्सिडी के रूप में व्यय किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि यह सब्सिडी राज्य की वित्तीय सेहत के लिये घातक साबित हो रही है। विडंबना यह है कि इस वित्तीय वर्ष में बिजली सब्सिडी पर होने वाला व्यय करीब साढ़े बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक होने वाला है। चिंता की बात यह भी है कि यह धनराशि पंजाब के पूरे बजट का दस फीसदी के करीब बैठती है। इस सब्सिडी की राशि में से दस हजार करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिये और सात हजार छह सौ करोड़ रुपये घरेलू उपयोगकताओं के लिये निर्धारित हैं। आश्चर्य की बात यह है कि लोगों को लुभाने के लिये दी जा रही सब्सिडी की यह राशि अब राज्य के राजस्व घाटे के बराबर हो गई है।

इसके बावजूद यह स्थिति यदि राज्य के नीति-नियंताओं को विचलित नहीं करती है, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि राज्य में मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का काम सभी राजनीतिक दलों की सरकारों ने पार्टी लाइन से हटकर हर दौर में किया। घाटे की अर्थव्यवस्था को प्रश्रय देने वाली इस नीति को न केवल जारी रखा, बल्कि इसे प्रोत्साहित भी किया। वे मुखर कृषि लॉबी के दबाव में लगातार झुकते रहे। राजनेता दूरगामी व समग्र सुधार के बजाय मुफ्त में पैसे बांटकर चुनावी लाभ हासिल करने की होड़ में जुटे रहे। वहीं आप सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिये तीन सौ यूनिट तक की बिजली मुफ्त करने से सब्सिडी का संकट और गहरा ही हुआ है। करीब नब्बे प्रतिशत तक परिवारों का बिजली बिल शून्य है। ऐसे में बिजली बचत या उपयोग की गई बिजली का भुगतान करने को प्रोत्साहन लगभग समाप्त हो गया है। अब तो पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की स्थिति में भी नहीं है। इतना ही नहीं पीएसपीसीएल दो हजार करोड़ रुपये की वार्षिक बिजली चोरी की चुनौती से भी जूझ रहा है। सरकार द्वारा दिए गए करीब चार हजार करोड़ रुपये के बेलआउट के बावजूद पीएसपीसीएल भारी घाटे में चल रहा है। राज्य के विकास में सहायक संस्थानों को मजबूत करने या स्थायी सिंचाई योजनाओं में निवेश के करने के बजाय, राज्य सरकारें वोटों के लालच में मुफ्त की रेवाड़ियां बांटने का उपक्रम करती रही हैं, जिसका खर्चा वहन करना उनके बूते की बात नहीं है।

यह एक निर्विवाद सत्य है कि मुफ्त का चंदन बांटने का यह उपक्रम जितने लंबे समय तक चलेगा, उतने ही समय तक पंजाब की अर्थव्यवस्था में प्राणवायु का संचार करना, नये निवेश को आकर्षित करना तथा नये नौकरियों का सृजन करना और ज्यादा कठिन होता चला जाएगा। इसमें दो राय नहीं कि राज्य नेतृत्व को रियायतें देने के बजाय राज्य में विकास के बुनियादी ढांचे के निर्माण की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। पंजाब को तय करना होगा कि वह बिजली पर सब्सिडी जारी रखेगा या अपने भविष्य को सशक्त बनाने को प्राथमिकता देगा।

# संघर्ष और कारोबार के चलते भारत में बढ़ रही चीनी भाषा की प्रासंगिकता



» उमेश चतुर्वेदी

लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं।

> कई चीनी कंपनियां मशीनरी, बुनियादी ढांचे के निर्माण, आईटी और हार्डवेयर विनिर्माण, मोबाइल हैंडसेट, इलेक्ट्रॉनिक और बिजली क्षेत्र में ईपीसी परियोजनाओं में शामिल हैं। इसके साथ ही चीनी मोबाइल हैंडसेट कंपनियां ओप्पो, वीवो, श्याओमी, वन प्लस आदि भारतीय मोबाइल हैंडसेट बाजार के लगभग सत्तर फीसद हिस्से पर काबिज हैं।

बीते बीस अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में चीनी भाषा दिवस मनाया गया। यूनेस्को के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा चीनी या मंदारिन ही है। इसे चीन के अलावा ताइवान, सिंगापुर, मलयेशिया, थाइलैंड, ब्रुनई, इंडोनेशिया और फिलीपिंस में भी इसका व्यवहार हो रहा है। मंदारिन को लेकर भाषा विज्ञानियों में मान्यता है कि यह कठिन भाषा है। हालांकि चीनी भाषाविदों ने इसे पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही सहज बनाने की दिशा में बड़ा काम किया है। इसलिए यह पहले की तुलना में अब कहीं ज्यादा सहज हो गई है। इसलिए दुनियाभर में इसे सहज रूप से इसे स्वीकार भी किया जाने लगा है।

जहां तक भारत का सवाल है तो चीन के साथ सीमाओं पर जारी तनातनी के चलते चीनी भाषा की पढ़ाई और जानकारी के लिए भारत में भी क्रेज बढ़ रहा है। गलवान में भारत-चीनी सैनिकों के संघर्ष के बाद चीनी सीमा पर तैनात सैनिकों को चीनी भाषा की जानकारी और शिक्षा देने की कोशिशें हो रही हैं। बेशक भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी चीन है, लेकिन उसकी भाषा और हमारी भाषाओं के बीच संबंधों की कोई सहज कडी नजर नहीं आती। इसलिए इस भाषा को सीखना थोड़ा



कठिन होता है। चीन की भाषा को मंदारिन कहते हैं और मंदारिन का शाब्दिक अर्थ ही होता है, कठिन। इसलिए इस भाषा को सीखने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत पड़ती है।

मंदारिन में 21 व्यंजन और 16 स्वर होते हैं। इन ध्वनियों को मिलाकर लगभग 420 अलग-अलग शब्दांश बनाए जा सकते हैं। जहां तक मंदारिन में स्वरों की बात है तो इसमें चार स्वर होते हैं। ये चार स्वर - पहला स्वर, दूसरा स्वर, तीसरा स्वर, और चौथा स्वर झ्र कहे जाते हैं। ये स्वर एक शब्दांश के उच्चारण में बदलाव करते हैं और अर्थ को बदल देते हैं। इसके अलावा, एक तटस्थ स्वर भी होता है, जिसे मंदारिन के भाषा विज्ञानी पाँचवाँ स्वर भी मानते हैं।

चीनी भाषा में, अक्षर को हांजी कहा जाता है। ये अक्षर, अंग्रेजी वर्णमाला या हिंदी वर्णमाला के अक्षरों की तरह नहीं हैं। प्रत्येक अक्षर एक शब्द या अर्थ के लिए एक प्रतीक है। चीनी भाषा में हजारों अक्षर हैं, लेकिन दैनिक उपयोग में छह हजार से लेकर आठ हजार अक्षरों का प्रयोग होता है। इतने स्वरों को याद रखना आसान नहीं है, इसीलिए मंदारिन को कठिन भाषा कहा जाता है।

भारत में कई संस्थान चीनी भाषा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम चला रहे हैं, लेकिन यहां के कई विश्वविद्यालयों मसलन दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुमार मंगलम विश्वविद्यालय, गुरूग्राम, पंजाब विश्वविद्यालय, विश्वभारती, जामिया मिलिया इस्लामिया, सिक्किम विश्वविद्यालय के साथ ही देहरादून के दून विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों में चीनी भाषा की पढ़ाई होती है। लेकिन अब इसे चीनी सीमा से सटे राज्य उत्तराखंड के स्कूलों में भी पढ़ाया जाने लगा है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। जिसके तहत उत्तराखंड राज्य के पंद्रह सरकारी स्कूलों के 11 वीं और बारहवीं कक्षा के करीब ढाई सौ बच्चों को चीनी भाषा पढ़ाई जा रही है। इस पहल का मकसद स्कूली छात्रों को मंदारिन भाषा से लैस करना है। इसकी बड़ी वजह यह है कि वैश्विक बाजार में चीन की हिस्सेदारी बढ़ती चली गई है।

इतना ही नहीं, चीन आज विश्व की नंबर दो आर्थिक महाशक्ति हो चुका है। इस वजह से चीनी संस्कृति और भाषा के साथ ही आर्थिकी की ओर दुनिया हाथ बढ़ा रही है। इसके लिए चीनी भाषा के कुशल लोगों की वैश्वक स्तर पर जरूरत बढ़ रही है। चीन की कंपनियों और बाजार से संपर्क अंग्रेजी के जरिए भले ही हो जाए,लेकिन वहां की असल जरूरत और समस्या को उसी की भाषा में ही समझा और जाना जा सकता है। इसीलिए चीनी भाषा को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता बढ़ी है। उत्तराखंड भी इसी वजह से अपने छात्रों को चीनी भाषा सिखा रहा है।

उत्तराखंड राज्य के पीएमश्री विद्यालयों में जारी इस परियोजना की नींव पौड़ी गढ़वाल के डीएम आशीष चौहान ने 2023 में रखी थी। बच्चों को मंदारिन पढ़ाने का विचार साल 2021 में तत्कालीन भारतीय सेनाओं के चीफ ऑफ स्टॉफ जनरल बिपिन रावत और दून विश्वविद्यालय की कुलपति सुरेखा डंगवाल के बीच चर्चा के बाद आया था। दून विश्वविद्यालय के चीनी अध्ययन विभाग के अध्यक्ष शैंकी चंद्रा के अनुसार, अभी यह परियोजना ऑनलाइन चलाई जा रही है, क्योंकि विश्वविद्यालय के पास अभी फिजिकल क्लास के लिए जरूरी संसाधनों की कमी है।

परियोजना के संचालकों के अनुसार, ह्यमंदारिन सीखने से वैश्विक स्तर पर नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसकी वजह यह है कि चीन अब भी भारत के सबसे बड़े व्यापार भागीदारों में एक है। बारहवीं पास कर चुके तीन छात्रों को मंदारिन की वजह से ही पिछले साल भारत के कुछ पड़ोसी देशों में ऊंचे वेतन पर नौकरियां मिल चुकीं हैं।

## मुद्दा

# धर्म ही गली का बकरा है : विपिन सागर



विपिन सागर
पूर्व प्रदेश सह मंत्री ABVP क्षेत्रीय सह संयोजक पुस्तकालय विभाग मेरठ प्रांत

जो नब्बे के दशक में हुआ फिर वही दोहराया जा रहा है लोगों से जाती नहीं धर्म पूछ कर मारा जा रहा है पहले है बंगाल जलाया अव देश की छाव पर खतरा है निहत्थों पर बार किया पहलगाव पर खतरा है मां बहनों की इज्जत लूटे घर भी जलाए जाते हैं मुद्दा कोई भी हो लेकिन धर्म ही सताया जाता है

काबूल हो या फिर हो ढाका धार्मिक ही पीते जाते हैं फिलिस्तीन पर रोने वाले किस बिल में घुस जाते हैं कोई लूटा कोई पीटा किसी की सांसे छूट गई ऑल राइज राफा वालों की शायद आंखें फूट गई वक्त रहे जो तुम ना जागे पानी सर तक जाएगा अगर तुम भी समझ नहीं रहे तो धर्म नहीं बच पाएगा न्यूज चैनलों में रटते हैं कि धर्म को किससे खतरा है आंख खोल कर देख लेना धर्म ही गली का बकरा है

देश की आजादी के बाद आज भी महत्वपूर्ण बन चुका है भारत को आंतरिक स्वरूप में आजादी दिलाना वर्तमान



परिस्थितियों में जिस प्रकार से इस देश को भिन्न-भिन्न भागों में देखने का ख्वाब देखने वाले लोग जो भारत में रहते हैं उनसे हम सबको हम सब भारतवासियों को बहुत ज्यादा खतरा है ऐसे लोगों को सरकार द्वारा चिन्हित करके उचित निर्णय लेकर कठोर कदम उठाने की सख्त जरूरत है आज का नौजवान भारत मां के लिए अपनी प्राण न्योछावर कर अग्रणी भूमिका निभाने को तैयार है आज धर्म का नाम लेकर जो लोग इस देश में रहने वाले लोगों के बीच में खाई पैदा करना चाहते हैं ऐसे लोगों को उन्हीं के धर्म जाति के लोगों को यह भी बताना पड़ेगा कि यह देश आपका है जब तक हम इस देश को अपने स्वरूप में समझकर देशहित सर्वोपरि नहीं मान सकते तब तक वह भारतीय कहलन कि योग्य नहीं है वह किसी भी जाति या धर्म के हो सकते हैं !!

## पर्सनालिटी

# सत्यजीत रे को कहा जाता था सिनेमा का जीनियस, ऐसे मिला था ऑस्कर

भारतीय सिनेमा बल्कि पूरी दुनिया की सिनेमा का जीनियस कहे जाने वाले सत्यजीत रे का 23 अप्रैल को निधन हो गया था। उन्होंने अपनी पहली फिल्म बनाने के लिए अपनी पत्नी के गहने तक बेच दिए थे। फिर इस फिल्म के लिए उनको ऑस्कर से सम्मानित किया गया था।


23 अप्रैल को भारतीय सिनेमा बल्कि पूरी दुनिया की सिनेमा का जीनियस कहे जाने वाले सत्यजीत रे का निधन हो गया था। आज भी लोग सत्यजीत रे की फिल्मों से सीख लेते हैं। वहीं हॉलीवुड के निर्देशक भी उनके निर्देशन के तरीकों को अपनी फिल्मों के लिए इस्तेमाल करते हैं। भले ही आज वह इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन फिल्मों के प्रति सत्यजीत रे का त्याग और समर्पण काफी यादगार है। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर सत्यजीत रे के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

कोलकाता में 02 मई 1921 को सत्यजीत रे का जन्म हुआ था। जब वह महज तीन साल के थे, तो उनके पिता का निधन हो गया था। ऐसे में सत्यजीत रे की मां ने तमाम तरह की समस्याओं का सामना करते हुए उनका पालन-पोषण किया था।

### फिल्मी सफर

एक बार काम के सिलसिले में साल 1950 को सत्यजीत रे लंदन जाने का मौका मिला था। इस दौरान उन्होंने लंदन में कई फिल्में देखीं। उन फिल्मों से वह इस कदर प्रभावित हुए कि सत्यजीत रे ने ठान लिया कि वह भारत आकर फिल्म ह्यपाथेर पंचोलीह्न बनाएंगे। फिर साल 1952 में उन्होंने नई टीम के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू की। नया फिल्ममेकर होने के कारण कोई भी इस पर पैसा नहीं लगाना चाहता था। इस फिल्म को बनाने के लिए सत्यजीत रे ने अपनी पत्नी के गहने बेच दिए थे। फिर अंत



में पश्चिम बंगाल सरकार ने उनकी सहायता की और साल 1955 में फिल्म ह्यपाथेर पंचोलीह्न रिलीज हुई थी।

### पुरस्कार

बता दें कि फिल्म ह्यपाथेर पंचोलीह्न ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे। इस फिल्म को फ्रांस के कांस फिल्म फेस्टिवल में मिला विशेष पुरस्कार बेस्ट ह्यूमन डॉक्यूमेंट मिला। इसके बाद साल 1972 में सत्यजीत रे को ऑस्कर देने की घोषणा की थी। लेकिन उस समय सत्यजीत रे बीमार चल रहे थे और यह सम्मान लेने नहीं जा सके। जिस पर ऑस्कर के पदाधिकारियों की टीम कोलकाता सत्यजीत रे के घर पहुंची और उनको यह अवॉर्ड दिया था।

### मृत्यु

वहीं 23 अप्रैल 1992 को कोलकाता में सत्यजीत रे ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था।


## आज का इतिहास

### 24 अप्रॅल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1982 -15 वर्षों के इजरायली आधिपत्य के बाद सिनाई प्रायःद्वीप क्षेत्र मिस्र को वापस।
1998 - क्लोन भेड़ डोली द्वारा एक स्वस्थ मेमने बॉनी का जन्म।
2002 - अर्जेन्टीना में बैंक अनिश्चित काल के लिए बंद।
2003 - तमिल विद्रोहियों का मानवीय मसलों पर होने वाली 17वें दौर (थाइलैंड) की वार्ता में भाग लेने से इन्कार।
2006 - नेपाल में संसद बहाल।
2007 - हमास ने इस्रायल पर हमला करके युद्ध विराम को तोड़ा।
2008 - नेपाल में नई सरकार का गठन करने जा रहे माओवादी नेता पुष्पकमल दहल उर्फ प्रचण्ड ने भारत व नेपाल के मध्य 1950 में हुई संधि को समाप्त करने की घोषणा की।

### 24 अप्रॅल को जन्मे व्यक्ति

1945 - लैरी टेस्लर - अमेरिका के एक कम्प्यूटर वैज्ञानिक थे।
1973 - प्रमोद सावंत - भारतीय राजनीतिज्ञ और गोवा के मुख्यमंत्री।
1973 - सचिन तेंदुलकर - भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी।



1956 - तीजनबाई - छत्तीसगढ़ राज्य की पहली महिला कलाकार और पण्डवानी की कापालिक शैली की गायिका।
1956 - शरद अरविंद बोबडे - भारत भूतपूर्व 47वें मुख्य न्यायाधीश रहे हैं।
1940 - अजीज कुरैशी, भोपाल) मिजोरम के पूर्व राज्यपाल थे।



1938 - मैक मोहन - हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता थे।
1934 - डी. जयकान्तन - प्रसिद्ध तेलुगु साहित्यकार
1929 - शम्मी - भारतीय फि ल्म अभिनेत्री हैं।
1928 - राजकुमार (दक्षिण भारतीय अभिनेता), प्रसिद्ध कन्नड़ अभिनेतो
1909 - टीका राम पालीवाल - राजस्थान के भूरपूर्व चौथे मुख्यमंत्री थे।
1908 - वायलेट अल्वा - भारतीय अधिवक्ता, पत्रकार और राजनीतिज्ञ थीं।
1888 - विष्णु राम मेधी - भारतीय राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता सेनानी और असम के दूसरे मुख्यमंत्री थे।

### 24 अप्रॅल को हुए निधन

2022 - के. शंकरनारायणन - महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल थे।
2011 - सत्य साईं बाबा - आध्यात्मिक गुरु
2009 - महात्मा रामचन्द्र वीर - एक यशस्वी लेखक, कवि तथा ओजस्वी वक्ता।
1974 - हिन्दी कवि रामधारी सिंह दिनकर
1972 - जामिनी रॉय - भारत के प्रसिद्ध चित्रकार।
1960 - अन्ना साहब भोपटकर - प्रसिद्ध लेखक और सार्वजनिक कार्यकर्ता थे।
1944 - शिवप्रसाद गुप्त - हिन्दी के समाचार पत्र दैनिक आज के संस्थापक और प्रसिद्ध क्रान्तिकारी।
1942 - दीनानाथ मंगेशकर - मराठी रंगमंच के प्रसिद्ध अभिनेता, गायक, शास्त्रीय संगीतज्ञ तथा नाट्य संगीतकार थे।
1934 - सी. शंकरन नायर - भारतीय न्यायाधीश एवं राजनेता थे।

### 24 अप्रॅल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

मानव एकता दिवस

# जिलाधिकारी ने सूर्यकुण्ड, हर्ष तीर्थ, एवं नगर क्षेत्र के तीर्थों को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

» सब का सपना संवाददाता

बहजोई/संभलः कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में स्थानीय नगर निकाय एवं डूडा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गयी।

वंदन योजना, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में जल निकास तथा तीर्थों एवं प्राचीन कूपों पर चर्चा की गयी। सम्भल नगर पालिका के अन्तर्गत तीर्थों एवं प्राचीन कूपों के सौन्दर्यीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सूर्यकुण्ड, हर्ष तीर्थ, एवं नगर क्षेत्र के तीर्थों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल को निर्देशित करते हुए कहा कि तीर्थ क्षेत्र के विकास के अन्तर्गत प्रवेश द्वारों के सुन्दर निर्माण की योजना तैयार करना सुनिश्चित करें।



सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत चौराहों को शामिल करने के लिए निर्देशित किया। चंदौसी नगर पालिका तथा बहजोई नगर पालिका तथा जनपद की नगर पंचायतों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीवरेज, एसटीपी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी आदि पर भी चर्चा की गयी।

इस अवसर पर अपर

**■ चंदौसी नगर पालिका तथा बहजोई नगर पालिका तथा जनपद की नगर पंचायतों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी गुन्नौर दीपक चौधरी, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर रमेश बाबू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, नगर पालिका अध्यक्ष चंदौसी लता वार्ष्णेय, एवं समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्ष, एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्यार की भाषा पाकिस्तान नहीं समझेगा: अंकुर अग्रवाल




» सब का सपना संवाददाता

**चंदौसी/सम्भलः** आज अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल चंदौसी एवं भाजपा नगर मंडल चंदौसी के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से फुब्बारा चौक पर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम की बैसारन घाटी में हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत पर आक्रोशित होकर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा लगभग 27 लोगों की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई 20 से ज्यादा घायल हैं जिसमें अधिकतर पर्यटक शामिल थे। कहा जा रहा है कि पर्यटकों को गोली मारने से पहले आतंकियों ने उनके नाम पूछे और कलमा भी पढ़वाया। इनमें एक पर्यटक उत्तरप्रदेश के शुभम द्विवेदी थे, जिनका नाम पूछने के बाद आतंकियों ने उनके सिर में गोली मार दी। मृतकों में उत्तरप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक हैं। नेपाल और वअए के एक-एक टूरिस्ट और 2 स्थानीय भी मारे गए। भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल ने कहा कि पूरा देश प्रधानसेवक मोदी की तरफ देख रहा है अब समय आ गया है एक ठोस निर्णय लेने का लगता नहीं अब पाकिस्तान प्यार की भाषा समझ पायेगा। व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि अब समय बात करने का नहीं पाकिस्तान को नक्शे से मिटाने का आ गया है, पाकिस्तान से सभी तरीके से संबध खत्म करके पाकिस्तान को सबक सिखाया जाये। कब तक मासूमों की हत्या पर चुप बैठें रहेंगे, जब तक खून का बदला खून नही होगा तब तक मुल्क में शांति नही होगी। मोदी जी और गृहमंत्री जी जबाबदेही आपकी भी है अब देश को जबाब देना है आपको। पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए कि पाकिस्तान सदियों तक न भूलने पाएं। हिन्दुवादी नेता राजकुमार ठाकरे ने कहा कि जिस प्रकार पहलगाम में हिंदुओं का नरसंहार किया गया है अब वो लोग जवाब दे जो कहते हैं आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता। अब समय हैं सर्जिकल स्ट्राइक की तरह पाकिस्तान स्थित आतंकी लॉन्च पैड तथा उनके ठिकाने पर बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की जाए।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, अनुज वार्ष्णेय, राजकुमार ठाकरे, सुधीर मल्होत्रा, शुभम अग्रवाल, प्रेम ग्रोवर, मनोज दिवाकर, हरेन्द्र कोहली, तरुण नीरज, डॉ अमित वार्ष्णेय, डॉ टीएस पाल, अंकित जैन, अभिनव शर्मा, अमित अग्रवाल, मंगतेश वार्ष्णेय, देवेन्द्र गुप्ता मोनू, आकाश आहूजा, मुदित गर्ग, सभासद निशान्त शर्मा, मोहित दिवाकर, मुनीश वार्ष्णेय, अजय प्रजापति, लव कुमार, सुशील पाल, विक्की रस्तोगी, क्रान्ति कुमार, विक्की कश्यप, दुर्गेश पाल, इशांक गोयल, आकाश वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# मंडी धनोरा में बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर किया धरना प्रदर्शन





» सब का सपना संवाददाता

**धनौरा/अमरोहा :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को लेकर आक्रोषित बजरंग दल कार्यकताओं, भाजपा, हिंदू संगठनों, व्यापारियों सभासदों एवं अमन पसंद लोगों ने जुलूस निकालकर जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के प्रतीकात्मक पुतले को जूते, चप्पलों से जमकर पीटा और आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शन के दौरान मंडी धनोरा में बाजार बंद, पाकिस्तान के प्रतीकात्मक पुतले को प्रदर्शन कारियों ने जूते चप्पलों से पीटते हुए किया आग के हवाले

बता दें कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकियों द्वारा 26 हिंदू पर्यटकों की हत्या से पूरे देश में रोष व्याप्त है। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए- तायबा द्वारा इस आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद से पाकिस्तान के प्रति देश भर में गुस्सा चरम सीमा पर है और जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहे हैं। जिसके चलते अमरोहा जनपद के मंडी धनोरा में भी बाजार बंद रहे। इतना ही नहीं बीजेपी, हिंदू संगठनों बजरंग दल, सभासदों, व्यापारियों एवं अमन पसंद लोगों ने जुलूस निकालकर जमकर प्रदर्शन किया और बदायूं बिल्सी स्टेट हाईवे समेत नगर में कई स्थानों पर सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद पाकिस्तान और आतंकवाद के प्रतीक पुतले को जूते चप्पलों से पीटते हुए आग के हवाले कर दिया। मंडी धनोरा के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल जुलूस प्रदर्शन में साथ रहे और इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। वही जुलूस को मंडी धनोरा के गोलघर से शुरू किया गया और नगर के मुख्य मार्गों और बाजारों से होता हुए बदायूं बिल्सी स्टेट हाईवे के किनारे स्थित होली चौक पहुंचा। जुलूस में पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल आतंकवाद और पाकिस्तान का पुतला लेकर सबसे आगे रहे उनके साथ ही अन्य लोग जम्मू कश्मीर में हुई जघन्य वारदात के लिए पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी लगा रहे थे। मार्ग में पड़ने वाले चौराहों पर रुककर सांकेतिक धरना भी दिया गया बाद में गोलघर पहुंचकर पुतले को जूते चप्पलों से जमकर पीटा गया और आग के हवाले कर दिया गया।

इस मौके पर हेमंत सारस्वत, प्रत्यक्ष शर्मा, शरद गर्ग, गुलाब राय गुप्ता, पंकज सिंघल, विशाल गोयल, हिमांशु अग्रवाल, जितेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, पप्पू, मुकेश, विजय, राजीव उपाध्याय, राजीव मित्तल, नीरज सिंघल, संटु, गौरव रस्तोगी, स्वतंत्र जैन, हिमांश मांगलिक, पवन किशोर श्याम गर्ग, पंकज, तरुण शर्मा, विवेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकार के आदेशों के नियमों का पालन कर रहे ग्राम पंचायत सचिव कृपाल सिंह

» सब का सपना संवाददाता

अमरोहाः अक्सर आपने देखा और सुना होगा की हर कोई चाहता है कि वह पढ़ लिखकर सरकारी मुलाजिम बन जाए और जनता की सेवा करें लेकिन यदि कोई व्यक्ति सरकारी मुलाजिम बन जाता है तो उसके बाद में उसके हाव भाव बदल जाते हैं और वह जनता की सेवा के बदले अपनी सेवा करने में लग जाता है। अक्सर आपने सुना होगा की सरकार कितने ही प्रयास क्यों न कर ले लेकिन सरकारी मुलाजिम सुधरने वाले नहीं है ऐसा कहा जाता है। आज हम एक ऐसे सरकारी मुलाजिम की बात कर रहे हैं जो न सिर्फ पढ़ लिख कर सरकारी मुलाजिम बने बल्कि जनता के सेवक बन गए। उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा के विकास खण्ड गजरौला के ग्राम पंचायत भानपुर खालशा में गुलाब सिंह के परिवार में 2 जनवरी 1970 को एक लड़के का जन्म हुआ।



जिसके बाद में उनका नाम कृपाल सिंह रखा गया। कृपाल सिंह शुरू से ही मेहनती व पढ़ने में अग्रणी रहे। उनका मन था कि वह पढ़ लिखकर सरकारी मुलाजिम बने और एक समय आया जब उनका यह सपना साकार हुआ। सन 1993 में ग्रेजुएशन फाइनल करने के बाद सन 1998 को उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव के पद के लिए फॉर्म डाला और एग्जाम दिया। जिसमें वह क्वालीफाई हो गए। उसके बाद सबसे पहली तैनाती कृपाल सिंह को गजरौला विकासखंड के अन्तर्गत मिली। इसके बाद से काफी अन्य जगह ट्रांसफर होते रहे लेकिन वर्तमान में कृपाल सिंह अमरोहा जनपद के विकासखंड गंगेश्वरी में तैनात है। वहीं जैसा कि सरकार ने आदेश दे रखा है कि अपने कार्य क्षेत्र में ही 24 घंटे रहना है। उसी के अंतर्गत वह अपने कार्य क्षेत्र में 24 घंटे तैनात रहते हैं। और अपने सर्किल की जनता से वह साफ तौर पर कहते हैं कि आप मेरे कमरे पर किसी समय भी आकर मुझसे मिल सकते हैं और अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। हालांकि कृपाल सिंह बताते हैं कि जब सप्ताह में रविवार के दिन केवल मैं अपने परिवार के बीच पहुंचता हूं और बाकी सभी दिन 24 घंटे अपने सर्किल में तैनात रहकर जनता की सेवा के लिए उपस्थित रहता हूं। वही कृपाल सिंह के सर्किल के लोग बताते हैं कि यदि सभी सरकार के मुलाजिम कृपाल सिंह के तरह ही हो जाएं तो बहुत जल्द ही देश विकासशील से विकसित हो जाएगा।

# यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को किया जागरूक




» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/संभलः** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल एवं अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता के क्रम में टी एस आई दुष्यंत बालियान व मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा इस्लाम नगर चौराहा बहजोई पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया।

जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें।शराब पीकर वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के उद्देश्य का महत्व समझाया। पैदल यात्रियों एवं वाहन चालकों को सड़क चिन्हों के बारे में विस्तार से समझाया गया और पंपलेट वितरित किये गये । सड़क चिन्हों एवं यातायात नियमो का पालन करके आप अपनी यात्रा को सुरक्षित एवं बिना जोखिम के पूर्ण कर सकते हैं। आपका जीवन अनमोल है, सुरक्षित चले सुरक्षित रहें।

## यूपीएससी में 327 वी रैंक आने पर

# सामाजिक संगठनों ने देव डुडेजा को उनके आवास पर पहुँचकर दी बधाई



» सब का सपना संवाददाता

**चन्दौसी/सम्भलः** आर आर के सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के पूर्व छात्र देव डूडेजा जिन्होंने यूपीएससी में 327 रैंक हासिल करके स्कूल एवम नगर का नाम रोशन किया। उनके पंजाबी कॉलोनी, सीता रोड स्थित आवास पर जाकर उनके परिवार जनों की उपस्थिति में माता-पिता सहित सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एस के पांडे ने शाल उड़ाकर एवं मिठाई खिलाकर तथा उप प्रधानाचार्य अर्चना शर्मा ने गुलदस्ता भेंट करके उनका सम्मान किया। प्रधानाचार्य डॉ पांडे एवं अन्य शिक्षकों ने उनकी विद्यालय समय की घटनाओं को याद किया एवं उनके माता-पिता एवम उनके द्वारा की गई मेहनत को सराहा विद्यालय के शिक्षक अनुज उपाध्याय, मुकेश गोले, आदित्य गुप्ता, अरुण दुबे, आदि उपस्थित रहे।

भारतीय मानव कल्याण समिति प्रबन्धक डॉ टीएस पाल ने नगर का नाम रोशन करने वाले देव डुडेजा के उज्वल भविष्य की कामना एवम परिवार को बधाई दी।तथा उनके लक्ष्य भेदी सफलता की सराहना की।बच्चों के लक्ष्य प्राप्त करने पर माता-पिता को जो अनुभूति होती हैं।उसको शब्दो मे बयान नही किया जा सकता है। इस दौरान दिनेश चंद्र गुप्ता, अनुज उपाध्याय, आकाश शर्मा, मुनीश बाबू, तरुण नीरज, धारा सिंह आदि पहुंचे।

**आवश्यकता है**


**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

# राजकीय कन्य इण्टर कॉलेज में विश्व पृथ्वी दिवस एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा :** जनपद न्यायाधीश जफीर अहमद एवं प्रभारी सचिव चेतना सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार मंगलवार को राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज अमरोहा में विश्व पृथ्वी दिवस एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, मृदा उर्वरता के उद्देश्य पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण किया गया। छात्रों को बताया गया कि वृक्षारोपण करने से पर्यावरण संतुलित रहता है, मृदा की उर्वरता बढ़ती है। छात्रों से कहा गया कि वे भी अपने आस-पास एक वृक्ष जरूर लगाये और दूसरों को भी वृक्ष लगाने के लिए जागरूक करें और इसके फायदों के बारे में भी बताये।





वृक्ष लगाने से हमें शुद्ध वायु, हवा और प्रकृति के साथ सांमजस्य बना रहता है। इस अवसर पर महेश सिंह द्वारा छात्रों को उनके संविधानिक अधिकारों और कर्तव्यो के बारे में जागरूक किया गया।

उन्होंने बच्चों को बताया कि एक जागरूक नागरिक बनने के लिए अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी निर्वहन करना आवश्यक है। जिसमें स्नेह लता प्राधानाचार्य मदन पाल सिंह अध्यापक एवं कॉलिज का समस्त स्टॉफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा के पैरा-विधिक स्वयं सेवक लोकमान सिहं, प्रीति, कु० मोनिका, संजीव कुमार, डा० प्रथम सिंह महेश सिंह विजय सिंह, जय देव सिंह उपस्थित रहें।

# आतंकी हमले के विरोध में व्यापार मंडल ने आतंकवाद का फूंका पुतला

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवाद की घटना के विरोध में संयुक्त व्यापार मंडल ने आतंकवाद का पुतला फूंका 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर राज्य के पहलगाम में पर्यटन को पहुंचे देश भर के लोगों को आतंकवादियों ने अपना निशाना बनाया इस बर्बरता घटना से गुस्से का माहौल है।

इस घटना से देश भर के लोगों में आक्रोश व आतंकवाद की निंदा हो रही है। इसके तहत बुधवार को मुरादाबाद में संयुक्त व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी को ज्ञापन दिया।

और उसमें कहा गया कि संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश की ओर से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जिस तरह से योजनाबद्ध तरीके से कायराना अंदाज में निममरतापूर्वक भारत के विभिन्न राज्यों से आए हुए। पर्यटकों की हत्या की गई है। भारत सरकार में प्रत्येक भारत के नागरिक के लिए अत्यंत शर्मनाक व दुखदायी घटना है।

इस आतंकवाद घटना से समाज व देश में रोष व असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उत्तर प्रदेश समस्त व्यापारीगण व समस्त भारत व उत्तर प्रदेश के नागरिकों की तरफ से मांग करते हैं। कि आपके द्वारा भारत सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह इस बर्बरतापूर्ण हत्याकांड को संज्ञान में लेते हुए।

आतंकवादियों को और उनके रहनुमाई को उनके घर में घुसकर उनके आतंकी संगठनों को सफाया करें। और समस्त देशवासियों को और देश में भय मुक्त व शांति में भाईचारे का माहौल बनाकर रह सकें।

कलेक्ट्रेट में पुतला दहन के दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कटियाल, उपाध्यक्ष टोनी सहगल, मनीष बेरी, जीत सहगल व अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# केंडिल मार्च निकालकर दी पर्यटकों को श्रद्धांजलि



सब का सपना संवाददाता

**गजरौला:** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के लिये भाजपा के पूर्व विधायक हरपाल सिंह के नेतृत्व में एक कैंडल मार्च निकाला गया। पूर्व विधायक ने इस घटना में दिवंगत हुए पर्यटकों के शोक संतृप्त परिजनों के प्रति सहानुभूति की भावना प्रकट करते हुए कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाये वह कम ही कम है। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कड़ा जबाब देने के लिये हमारी देश की सरकार पूरी तरह से तैयार है। घटना में शामिल आतंकवादियों ने धर्म पूछकर जिस तरह से छुट्टी मनाने गए पर्यटकों पर गोलीबारी करके हत्या की, वह बेहद ही निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घटना की सूचना मिलते ही अपना विदेश दौरा रद्द करते हुए तुरंत स्वदेश वापसी की। संदिग्धों के स्कैच भी जारी करके भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ घटना में शामिल आतंकियो की तलाश में जुटी है। केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को कड़ा जबाब देने के लिये पूरी तरह से तैयार है। टंकी परिसर से कैंडल मार्च निकालकर दो मिनट का मौन भी धरण किया गया। इस मौके पर समाजसेविका पूजा चौहान, विपिन सागर, डॉ.राजीव शुक्ला, सभासद अरकान आलम, अजय गोस्वामी, राजकुमार, संजीव कुमार, संजय कुमार, योगेश कुमार, रामपाल व्यास आदि समेत अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दबंगों पर रहम पत्रकारों पर सितम करने मे माहिर दरोगा आकाश भाटी

- जब साईया भये कोतवाल तो डर काहे का, सिंगाही थाने के दरोगा पर पत्रकार से दुर्व्यवहार का आरोप। मोबाइल छीना, हवालात में बिठाया और 5000 रुपए की रिश्वत मांगी; एसपी से शिकायत।




**सिंगाही/खीरी :** सिंगाही थाने में तैनात अंडर ट्रेनिंग दरोगा आकाश भाटी पर पत्रकार से दुर्व्यवहार का आरोप लगा है। पत्रकार गुरमीत सिंह ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के अनुसार, गुरमीत सिंह की गांव के कुछ लोगों से मामूली कहासुनी हो गई थी। उन्होंने थाने में फोन कर पुलिस सहायता मांगी। मौके पर पहुंचे दरोगा आकाश भाटी ने पत्रकार से अभद्रता की। उन्हें गाड़ी में बिठाकर थाने ले गए। थाने में पत्रकार का मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें हवालात में बंद कर दिया। दोनों पक्षों में सुलह-समझौता होने के बाद भी दरोगा ने पत्रकार से 5000 रुपए की रिश्वत मांगी। रिश्वत न देने पर फर्जी केस में जेल भेजने की धमकी भी दी। दरोगा आकाश भाटी ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। सीओ निघासन महक शर्मा ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी।

### डीआईजी ने सुनी समस्यायें

**मुरादाबाद।** डीआईजी मुनिराज जी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद में बुधवार को जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### ई रिक्शा के मारी टक्कर

**भोजपुर।** थाना पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी ताहिर के बेटे के खिलाफ लापरवाही से ड्राइविंग कर ग्रामीण को घायल कर देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में गांव पीपलसाना निवासी नाजमा ने कहा है कि दस अप्रैल को पति मौहम्मद फईम गांव में सड़क किनारे खड़े होकर अपने ई रिक्शा की मरम्मत कार्य करा रहे थे। अचानक गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी ताहिर का बेटा तेज गति से लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए आया और पति के टक्कर मार दी। हादसे में पति की दाहिनी टांग,ऐड़ी और जांघ की हड्डी टूट गई।

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव ठीकरी निवासी ग्रामीण की तहरीर पर गांव के चार युवकों के खिलाफ दावत खाने के दौरान लाठी डंडों से हमला कर घायल कर देने,जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव सिरसवां दोराहे पर स्थित मैरिज हाल में गांव ठीकरी निवासी ग्रामीण की बेटी के विवाह का कार्यक्रम चल रहा था। विवाह में आसीफ पुत्र शाहिद खाना खा रहा था। अचानक गांव के जीशान,नाजिर, रिजवान और साजिद ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर लहुलुहान कर दिया। आरोपी अधमरा कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। विवाद की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है। ग्रामीण की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।

# अतिक्रमण में टूटी दुकानें फिर से होंगी व्यापारियों को आवंटित

सब का सपना संवाददाता



**बहजोई/सम्भल:** बहजोई कलेक्टर सभागार में चंदौसी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर के नेतृत्व में संभल जिलाधिकारी राजेंद्र पेशिया जी से व्यापार बंधु की लिखित प्रश्नों के जवाब में व्यापार बंधु की मीटिंग में बताया गया चंदौसी तहसील चौराहा एवं संभल गेट वह कचहरी के सामने की दुकानों जो की अतिक्रमण में टूट गई है उनको अन्य स्थानों पर दुकान दी जाएगी। इसके साथ ही चंदौसी में ई-रिक्शा के संचालन के लिए चंदौसी क्षेत्र को पांच जोन डिस्ट्रीब्यूशन कर ई-रिक्शा का संचालन पांच कलर में किया जाएगा ।

चंदौसी में नालों की तली झाड़ सफाई होगी और खास तौर पर फड़याई बाजार से लेकर गोपाल मोहल्ला अजंता टॉकीज तक नालों की तली झाड़ सफाई होगी इस पर चंदौसी की उप जिलाधिकारी निधि पटेल जोक नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी भी है अपनी सहमति प्रदान की और शीघ्र इस कार्य को एक माह के अंदर पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

# पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा लोगों की समस्याओं का निस्तारण कर दिए आवश्यक निर्देश

सब का सपना संवाददाता



**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुन-ावाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत लोगों को किया जागरूक

सब का सपना संवाददाता




**मुरादाबाद।** मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा आमजन एवं वाहन चालकों को वाहन चालते समय हेल्मेट लगाने,मोबाइल का प्रयोग न करने,सीट बेल्ट लगाने,तीन सवारी न बैठाने आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर यातायात नियमों का पालन करने अपील की गई मिशन रोड सेफ्टी अभियान के अंतर्गत यातायात नोडल अधिकारी थाना मझोला द्वारा मय पुलिस फोर्स थाना क्षेत्र में आमजन व दो,तीन पहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेल्मेट लगाने,तीन सवारी बैठाकर वाहन न चलाने इत्यादि यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया।

तथा थाना गलशहीद, थाना डिलारी,थाना बिलारी सहित मय थाना पुलिस बल क्षेत्रांतर्गत सड़क दुर्घटना से सुरक्षा हेतु सड़क सुरक्षा हेतु माइक द्वारा अनाउंस कर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। तथा यातायात के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

# पोरारा में दो घरों में लगी आग, तीन पशु गंभीर रूप से झुलसे

सब का सपना संवाददाता





**रहरा:** क्षेत्र के गांव पोरारा में किसान के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें घरेलू सामान सहित मोटरसाइकिल जलकर राख हो गया व तीन पशु गंभीर रूप से झुलस गए। मिली जानकारी के मुताबिक किसान फहीम अपने घर से सुबह गांव से कुछ दूरी पर गेहूं काटने के लिए गया हुआ था।

उसे जानकारी मिली कि उसके घर में आग लग गई है जब वह मौके पर पहुंचा तो गांव के लोग पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन तब तक घर में रखा सभी सामान जल चुका था व पशु गंभीर रुप से आग से झुलस गए। वही आग इतनी तेज थी कि पास के ही दूसरे की झोपड़ी में भी लपटों से आग लग गई। जिससे कि उसका भी जरूरत का सभी सामान व 8700 रु. की नगदी जलकर राख हो गई। वही डायल 112 की सूचना पर पुलिस व थाना सुक्रमपाल राणा मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कहा की पीड़ित परिवार को हर संभव सरकार से आर्थिक सहायता दिलवाई जाएगी।

# पंडित नगला बाईपास पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य होने के कारण 24 अप्रैल से अगले दो महीने के लिए बंद

सब का सपना संवाददाता

**मुरादाबाद।** पंडित नगला बाईपास पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण होने के कारण 24 अप्रैल 2025 से अगले दो महीने के लिए हनुमान मूर्ति से संभल चंदौसी मार्ग पूर्णत बंद रहेगा। यातायात संचालन हेतु निम्न व्यवस्था रहेगी। मुरादाबाद से आरटीओ ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर, संभल चंदौसी जाने वाला भारी वाहन बस, ट्रैक्टर, ट्राली, ट्रक इत्यादि काशीपुर दोराहा से जीरो प्वाइंट दलपतपुर से चंदौसी कट संभल कट गागन तिराह होकर जाएंगे। और आरटीओ ऑफिस ,ट्रांसपोर्ट नगर ,संभल चंदौसी से मुरादाबाद आने वाला भारी वाहन सम्भल कट,गागन तिराह, स्वाद कट से ऊपर हाईवे होकर जीरो प्वाइंट दलपतपुर, काशीपुर दौराह होकर आएंगें।

मुरादाबाद से आरटीओ ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर ,संभल चंदौसी जाने वाला हल्के वाहन तथा छोटा हाथी, कार, टेंपो इत्यादि काशीपुर दोराहा से जीरो प्वाइंट दलपतपुर से चंदौसी कट संभल कट गागन तिराह होकर जाएंगे और आरटीओ ऑफिस, ट्रांसपोर्ट नगर ,संभल चंदौसी से मुरादाबाद आने वाला हल्के वाहन यथा छोटा हाथी ,कार ,टेंपो इत्यादि सम्भल कट गगागन तिराह स्वाद कट से ऊपर हाईवे होकर जीरो प्वाइंट दलपतपुर ,काशीपुर दौराह होकर आएंगे। उक्त जानकारी सुभाष चन्द गंगवार पुलिस अधीक्षक यातायात जनपद मुरादाबाद द्वारा दी गई।

# यश के छात्र ने जैवलिन थ्रो में जीता गोल्ड मेडल

सब का सपना संवाददाता



**गजरौला:** नगर के यश पब्लिक इण्टर कॉलेज के कक्षा 10 के छात्र अजय पाल ने नेपाल के पोखरा में यूथ एटलेटिक चैंपियनशिप की जैवलिन थ्रो में 60.05 थ्रो लगाकर गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है बुधवार को विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य व स्टॉफ ने छात्र का ढ़ोल नगाड़ों व फूल मालाओं से स्वागत किया। नेपाल के पोखरा में 16 अप्रेल से 20 अप्रेल तक चले यूथ एटलेटिक चैंपियनशिप खेलों में 7 देशों के बच्चों ने हिस्सा लिया था, जिसमे भारत की तरफ से चैंपियनशिप में 13 बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें से पांच छात्रों ने अलग अलग मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया तो वही चैंपियनशिप में यश पब्लिक इण्टर कॉलेज के छात्र अजय पाल ने गोल्ड मैडल जीतकर देश का नाम रोशन किया, छात्र अजयपाल के द्वारा जैसे ही गोल्ड मेडल जीतने की खबर यश पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक को मिली तों उन्होंने छात्र के स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित कराया। छात्र के विद्यालय पहुंचने पर ओर ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। प्रबंधक लखवीर सिंह व प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने अजयपाल को उन्जवल भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्कूल स्टॉफ के सदस्यगण मौजूद रहे। छात्र ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरूजनों के आशीर्वाद, परिजनों के स्नेह व मार्गदशकों को देते हुए यह विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में वह भारत का नाम इसी तरह से रोशन करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### उपजा की टीम ने बुलंदशहर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की



» सब का सपना संवाददाता

**बुलन्दशहर:** यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) जनपद बुलन्दशहर की टीम ने बुलंदशहर एसएसपी कार्यालय पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात की। उपजा बुलन्दशहर की टीम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह को फूल का गुलदस्ता भेंट कर औपचारिक मुलाकात की। इस औपचारिक मुलाकात में जिला अध्यक्ष माधव शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी, जिला उपाध्यक्ष मोहित कौशिक, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में हुआ हरिनाम संकीर्तन व आध्यात्मिक चर्चा का आयोजन



» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी के श्री शिव बालाजी धाम मंदिर में रविवार को हरिनाम संकीर्तन और आध्यात्मिक चर्चा का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इस्कॉन टेम्पल, राजनगर के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:30 बजे हरिनाम संकीर्तन के साथ हुई। इसके पश्चात आध्यात्मिक चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र, हरिनाम की महिमा और नाम-जप पर विस्तृत संवाद हुआ। अंत में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर हृदय परमात्मा दास ने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा, प्रकृति के तीन गुण झ्र सत, रज और तम मनुष्य को बांधते हैं, लेकिन यदि हम इन गुणों से ऊपर उठकर भगवान के लिए कर्म करें, तो मुक्ति संभव है।उन्होंने यह भी कहा कि भक्तों का संग ही ऐसा माध्यम है जिससे कठिन से कठिन साधना भी सहज हो जाती है।

उन्होंने आगे बताया कि भगवान के साकार रूप से गोविंद, कृष्ण, राम, श्यामसुंदर, गोपाल आदि में भक्ति करना, ईश्वर से जुड़ने का सर्वोत्तम मार्ग है। ह्लजितना हम भगवान द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलेंगे, उतना ही हम उनके प्रिय बनते जाएंगे,ह्व उन्होंने कहा।कार्यक्रम में गौरव बंसल, जगदीश चंद वर्मा, राहुल त्यागी, अमित अग्रवाल, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और अध्यात्म की इस अनुभूति का लाभ उठाया।

# पृथ्वी दिवस पर गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### गाजियाबाद व खुर्जा के बच्चों ने कला के माध्यम से किया जागरूक

» सब का सपना संवाददाता

**गाजियाबाद।** पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर गाजियाबाद के भीमनगर स्थित चंद्रन इंस्टीट्यूट फॉर नवोदय स्टडीज (CINS) और खुर्जा के गांव क्वार्सी में स्थित नवोदय झ्र द सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए खास पहल करते हुए कला प्रतियोगिता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

गाजियाबाद के जय भीम पार्क में आयोजित कार्यक्रम के तहत उक्त्र के विद्यार्थियों ने पेटू अर्थ कैंपेन के अंतर्गत पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्रह पर आधारित रंग-बिरंगी पेंटिंग्स बनाईं। इन पेंटिंग्स के माध्यम से छात्रों ने जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वन संरक्षण और स्थायी विकास जैसे विषयों पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

वहीं खुर्जा क्षेत्र के नवोदय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भी बच्चों ने कला प्रतियोगिता के साथ-साथ स्थानीय लोगों को पृथ्वी दिवस का महत्व समझाया। संस्थान के डायरेक्टर श्री राजेश कुमार ने अध्यापकों व बच्चों के साथ मिलकर लोगों को शुभकामनाएं दीं और पृथ्वी से दिल से जुड़ने का आह्वान किया।

#### संवैधानिक और वैश्विक संदर्भ में पर्यावरण की भूमिका







कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने बताया कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51 (क) हमें प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा का मौलिक कर्तव्य देता है, वहीं अनुच्छेद 21 में स्वच्छ पर्यावरण में जीने का अधिकार शामिल है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (SDGs) में भी लक्ष्य 13 (जलवायु परिवर्तन), 14 (जल जीवन) और 15 (स्थलीय जीवन) में पर्यावरण की रक्षा को प्राथमिकता दी गई है।

#### पेटू अर्थ कैंपेन की शुरूआत

उल्लेखनीय है कि पेटू अर्थ कैंपेन की शुरूआत वर्ष 2023 में चंद्रन इंस्टीट्यूट फॉर नवोदय स्टडीज द्वारा जय भीम पार्क में पौधारोपण करके की गई थी। तब से लगातार यह संस्थान छात्रों के साथ मिलकर पौधारोपण, कला प्रतियोगिता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।संस्थान के संस्थापक श्री गुड्डू चंद्रन ने कहा, पृथ्वी को बचाना अब केवल पर्यावरणविदों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बन गई है। बच्चों के नए विचार और उनका समर्पण समाज को जागरूक करने की दिशा में सराहनीय है।

इसी क्रम में संस्था के एडवाइजर श्री राजेश कुमार ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।

#### बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की तैयारी

दोनों ही संस्थान बच्चों को नवोदय विद्यालय, अटल विद्यालय, सर्वोदय विद्यालय, विद्याज्ञान एवं सैनिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित निशुल्क आवासीय स्कूलों में दाखिले की तैयारी करवाते हैं, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर किया जा सके।

## डीएम अभिषेक पांडे ने संभाला कार्यभार, ईमानदारी और निष्ठा जताई अपेक्षा




» सब का सपना संवाददाता

**हापुड:** नवनियुक्त जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने आज कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार सहित जिले के समस्त उपजिलाधिकारियों, कलेक्ट्रेट अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। वही जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, मेरी आप सभी से यह अपेक्षा है कि अपने कार्यों को पूर्ण सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण भावना से कार्य करें। प्रशासन की विश्वसनीयता जनता की सेवा और उनके विश्वास पर टिकी होती है। उन्होंने जनहित में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध कार्य निष्पादन एवं समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया। जिलाधिकारी के सादगीपूर्ण व्यवहार और कार्यशैली ने प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

## ऊंचागांव से अग्निवीर के लिए प्रियांशु का हुआ चयन, लोगो में खुशी का माहौल

» सब का सपना



**नरसेना:** थाना नसेर्ना के ब्लॉक ऊंचागांव के किसान के पुत्र ने अग्निवीर की परीक्षा उत्तीर्ण कर माता पिता और गांव का नाम रोशन कर दिया । ऊंचागांव से प्रियांशु का चयन हुआ। चयन होने पर स्वजन में खुशी का माहौल था।

ऊंचागांव निवासी बलजीत सिंह ने बताया कि वह गांव में रहकर खेती पशुपालन का कार्य करते है। उन्होंने खेती और पशुपालन में मेहनत कर अपने बेटे प्रियांशु की पढ़ाई बहुत अच्छे से कराई।

आज प्रियांशु अग्निवीर की ट्रेनिंग पर गया गांव के काफी लोगों ने अच्छे से प्रियांशु की विदाई की। इस समय पर विक्रांत सिंगर, वीके सिंह, विपिन लोधी (भाजपा),विवेक जौटिया, पुनीत दिवाकर, लवीश कश्यप, सोनू सिंह,गांव के आदि लोग मौजूद रहे।

## श्रद्धा,संस्कृति और संकल्प:परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी में एकजुट ब्राह्मण समाज

» सब का सपना संवाददाता



**हापुड़:** अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर ब्राहम्ण समाज के लोगों में उत्साह बढता जा रहा। सभी ने तन मन धन के साथ कार्यक्रम को खुबसुरत यादगार बनाने का निर्णय लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारी जोरशोरों से शुरू हो गई है। जिसको लेकर ब्रहाम्ण समाज के लोग हर प्रकार का सहयोग कर रहे है। मंगलवार को रेलवे रोड स्थित आर के प्लाजा रेस्टोरेंट में हुई ब्रहाम्ण समाज की बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। जिसमें उत्सव को कैसे भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने मंथन हुआ।

आपको बता दे कि बैठक में ब्रहाम्ण समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने भाग लिया। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृतार से चर्चा की गई और कैसे भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के बारे में विस्तार समाज के लोगों को अवगत कराया गया। इस बार की भगवान परशुराम की शोभायात्रा को लेकर ब्राहम्ण समाज में विशेष उत्साह के साथ–साथ लगाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र बनने वाली झांकियों के बारे में जानकारी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम किन–किन स्थान पर आयोजित होंगे–इन तमाम जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया भगवान परशुराम जन्मोत्सव सिर्फ धार्मिक आयोजन न होकर- ,सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश भी लोगों तक जाये इसका सभी को पूर्ण ध्यान रखना है। भगवान परशुराम का जन्मोत्सव गौरव और आत्मगौरव का प्रतीक है, जिसे श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक ब्राहम्ण समाज के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## कौशिक किड्स एंड पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



» सब का सपना संवाददाता

**गुलावठी:** कौशिक किड्स एंड पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर सुंदर पेंटिंग बनाकर,क-विताएं सुनाकर तथा पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए छोटे छोटे पेड़ पौधों को स्थापित किया।

इस कार्यक्रम के उद्देश्य से बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार हम पर्यावरण को सुरक्षित रख कर अपनी पृथ्वी को हानिकारक पदार्थों व विषैली गैसों से नष्ट होने से बचा सकते हैं।

इस कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के डायरेक्टर दिनेश कौशिक व प्रबंधक वीना कौशिक उपप्रधानाचार्या रेखा सैनी तथा प्रधानाचार्य अंजली चौधरी एवं समस्त शिक्षक नीलम, प्रियंका, खुशबू, योगिता, मनीषा ,कनिका, नीतीशा ,नेहा, पूनम, रजनी , मीनू, संतोष, उपेन्द्र, प्रभात, ओउम ,हर्ष ,तनुज आदि रहे।

## आईएएस क्रिकेटर अभिषेक पांडे बने हापुड़ के नए डीएम, मेरठ में दिखा चुके हैं सख्ती का दम

» सब का सपना संवाददाता



**उत्तर प्रदेश** सरकार ने हापुड़ के जिलाधिकारी पद पर तेज तर्रार आईएएस अधिकारी अभिषेक पांडे की तैनाती कर दी है। इससे पहले डीएम हापुड़ रहीं प्रेरणा शर्मा को सुडा का निदेशक नियुक्त किया गया है। अभिषेक पांडे ने 27 नवंबर 2022 को मेरठ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला था। बुलंदशहर में सीडीओ रहते हुए भी उन्होंने प्रभावशाली कार्य किए थे।

मेरठ में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कदम उठाए। दो भ्रष्ट अफसरों को निलंबित कर उनके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके अलावा, अवैध कॉलोनियों पर लगातार अभियान चलाया, जिससे भ्रष्टाचारियों में हड़कंप मच गया। अब हापुड़ में उनके प्रशासनिक कौशल और सख्त कार्यशैली से बेहतर प्रशासन की उम्मीद की जा रही है।

## मेयर महेश कुमार ने मेहरौली में किया डॉ. बी.आर. अंबेडकर पॉली क्लीनिक का उद्घाटन

» सब का सपना संवाददाता




**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम के मेयर महेश कुमार खिंची ने मंगलवार को मेहरौली विधानसभा के वार्ड 155 में डॉ. बी. आर. अंबेडकर नाम से पॉली क्लीनिक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पॉली क्लीनिक में सभी टेस्ट, दवाइयां और डॉक्टरों से परामर्श मरीजों को मुफ्त दिया जाएगा। इस पॉली क्लीनिक में खांसी, जुकाम, बुखार, शुगर समेत अन्य बीमारियों का इलाज मिलने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर दक्षिणी जोन वार्ड कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण जाखड़, स्थानीय निगम पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मेयर महेश कुमार ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है कि यहां पॉलीक्लीनिक का उद्घाटन किया गया है। पॉली क्लीनिक का नाम बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। यह बहुत खुशी की बात है। पार्षद रेखा महेंद्र चौधरी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाने का लगातार प्रयास कर रही हैं।

मेयर महेश कुमार ने बताया कि इस पॉलीक्लीनिक में विभिन्न प्रकार के टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे। छोटी बीमारियों का यहां इलाज किया जाएगा। मरीजों को सारी दवाइयां मुफ्त दी जाएंगी। एक तरह से यहां सारा इलाज मुफ्त किया जाएगा। इस पॉलीक्लनिक को खुलने से क्षेत्र के लोग बहुत ही खुश हैं।

मेयर महेश कुमार ने कहा कि पहले इस क्लीनिक का कोई नाम नहीं था। पहले एमसीडी हेल्थ सेंटर के नाम क्लीनिक चल रहा था। लेकिन अब यह बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर के नाम से जाना जाएगा। आज के समय में किसी भी प्राइवेट डॉक्टर के पास जाते हैं तो कम से कम 500 से 700 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। जबकि इस पॉलीक्लीनिक में खांसी, जुकाम, बुखार, शुगर समेत छोटी बीमारियों का इलाज मुफ्त होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

भाजपा को जब जनता नकार देती है तो वह खरीद-फरोख्त करके अपनी सरकार बनाती है- महेश कुमार

एमसीडी मेयर चुनाव को लेकर महेश कुमार ने कहा कि पूरे देश में भाजपा खरीद-फरोख्त से ही अपनी सरकार बनाती आई है। जब जनता भाजपा को नकार देती है तो भाजपा विपक्षी दलों के विधायकों, पार्षदों की खरीद-फरोख्त करते हैं, झूठे आरोप लगाते हैं, पैसे का लालच और डराते-धमकाते हैं। भाजपा इस तरह से गंदी राजनीति करके अपनी सरकार बनाने का प्रयास करती है। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के करीब 20 पार्षदों को डरा-धमका कर ही तोड़ा है और अब एमसीडी में अपनी सरकार बनाने में कामयाब हो रही है।

महेश कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा सच्चाई के रास्ते पर चली है और आगे भी सच्चाई के रास्ते पर ही चलेगी। आम आदमी पार्टी खरीद-फरोख्त की राजनीति में विश्वास नहीं करती है। अगर हम लोग भी खरीद-फरोख्त करने लगेंगे तो भाजपा और आम आदमी पार्टी में क्या अंतर रह जाएगा।

## बीआर इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अट्टा मे अर्थ डे चित्र बनाकर मनाया गया बच्चों ने आकर्षक चित्र बनाए




» सब का सपना संवाददाता

**गुलावठी:** बीआर इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल अट्टा में अर्थ डे चित्र बनाकर मनाया गया। प्रधानाचार्या अंशु भाटी ने कहा कि पृथ्वी को हरा भरा बनाना हम सभी का कर्तव्य है। चेयरमैन अमित नागर ने बताया कि हमें पृथ्वी के संसाधनों का अपनी आवश्यकता अनुसार कम से कम उपभोग करना चाहिए। इस अवसर पर हिमानी, रुखसार, मनिका, कीर्ति, स्नेहा तथा संध्या आदि अध्यापिकाएं उपस्थिति रहीं।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीद शुभम द्विवेदी के पिता से सीएम योगी ने की बात

**.मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये निर्देश, पूरे सम्मान के साथ कश्मीर से लाया जाए शुभम का पार्थिव शरीर**

**बोले योगी, दुःख की इस घड़ी में शुभम के परिवार से साथ पूरी प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है यूपी सरकार**

» सब का सपना संवाददाता





**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा, ₹जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है।₹ उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

सीएम योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए। उन्होंने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार शुभम के परिवार के साथ पूरी तरह से खड़ी है और उनकी हरसंभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि पहलगाम हिंसा में आतंकवादियों की गोली का शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर शोक का माहौल है। अभी 2 महीने पहले ही 12 फरवरी को उनकी शादी हुई थी। मंगलवार को पहलगाम में आतंकियों ने शुभम को उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी।

# आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए कड़े फैसले ले सरकार : ज्ञान प्रकाश तिवारी

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली:** अंतर्राष्ट्रीय धर्म सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और विश्व सनातन चेतना महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश तिवारी ने कहा कि सबसे पहले कश्मीर में मदरसे बंद करे भारत सरकार : ज्ञान प्रकाश तिवारी।

उन्होंने कहा कि,आतंकवादियों के लिए शरणस्थली बन चुके मदरसे, इन्हें तुरंत बंद किया जाए और उनकी जगह आधुनिक स्कूल कॉलेज होने चाहिए क्योंकि मदरसे जेहाद फैलाने की भट्टी का काम कर रहे हैं।

श्री तिवारी ने बताया कि कश्मीर से मदरसों को बंद कर देना चाहिए,क्योंकि कश्मीर में मदरसों में आतंकवादी शरण लेते हैं, मौलवी इनको पनाह देते हैं, वहां पर सभी मौलवियों की संपत्ति की जांच होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी मांग की है कि जम्मू कश्मीर में पूर्व एडीजी विजय कुमार एवं आतंकवादियों के कल माने जाने वाले अयाज खान को जम्मू कश्मीर में उनके ही जैसे जांबाज कमांडो की तैनाती की जाए क्योंकि जल्द ही हमारे बाबा अमरनाथ जी की यात्रा शुरू होने जा रही है इसीलिए जल्द से जल्द आतंकवाद और आतंकवादियों का सफाया किया जाना चाहिए और जितने भी मुस्लिम कट्टेबंधी नेता है उनकी संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए,यह लोग आतंकवादियों से मिले हुए हैं और उनसे धन के लोभ में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिलवाते हैं।

भारत सरकार को सभी मदरसे बंद कर देना चाहिए, उन्होंने कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं लेकिन कहां रुकते हैं,कहां ठहरते हैं, इन सभी पहलुओं की जांच होनी चाहिए, जब तक हिंदुस्तान में छुपे गद्दार मुस्लिम कट्टर पंथी नहीं मारे जाएंगे तब तक बाहर के आतंकवादी इस प्रकार घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है हिंदुस्तान में छुपे गद्दारों को चुन चुन कर मारा जाए, उन्होंने कहा कि अब कहां मर गए वह भाईचारा निभाने वाले, अब क्यों नहीं बोल रहे सेकुलर का दुहाई देने वाले, भाईचारा निभाने वाले कट्टरपंथी मुस्लिम अपने घर की बहन बेटियों को अपनी बहन नहीं मानते तो हम लोगों को क्या बहन और भाई मानेंगे. भारत सरकार ने हजारों करोड़ों रुपए देकर राफेल खरीदे हैं अब समय आ गया है कि पाकिस्तान में आतंकवादी शिविरों में सर्जिकल स्ट्राइक कर देनी चाहिए, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं. उन्होंने कहा कि देश में यदि कोई भी व्यक्ति पाकिस्तानी झंडा लहराता है या पाकिस्तान के गुणगान करता है तो कटटर पंथी व्यक्ति पर देशद्रोही की कार्यवाही करें या उस को पाकिस्तान भेज देना चाहिए. यह नया भारत है, आतंकवादियों को उसके देश में घुसकर मारेगा।

उन्होंने देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी से मांग करते हुए पीओके पर दोबारा सर्जिकल स्ट्राइक करने की पुरजोर मांग की है पाकिस्तान को भी पता चलना चाहिए कि हमारे खरीदे हुए राफेल किस प्रकार पीओके और पाकिस्तान में तबाही मचा सकते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता के नतीजे घोषित

- नवाचार और रचनात्मकता से चमका गोण्डा, 109 युवाओं ने दिखाई प्रतिभा
- गोण्डा की पहचान गढ़ते युवा : विजेताओं को ₹90,180 की पुरस्कार राशि
- जिलाधिकारी के निर्देश पर गोण्डा में रचनात्मक पहल को मिली नई उड़ान

» सब का सपना संवाददाता

**गोण्डा।** जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गोण्डा के तत्वावधान में आयोजित ट्रांसफॉर्मिंग गोण्डा सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता₹ के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जनपद गोण्डा के पर्यटन स्थलों, स्वच्छता, पर्यावरण, शिक्षा, सामाजिक बदलाव, कृषि और नवाचार जैसे विषयों को रचनात्मक माध्यम से उजागर करना था।प्रतियोगिता का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देश पर किया गया था, जिसमें जनपद के 109 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विविध विषयों पर आधारित प्रेरणादायक रील प्रस्तुत कीं। इन रीलों के माध्यम से गोण्डा की नई पहचान, पर्यावरणीय चेतना, डिजिटल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती, स्टार्टअप्स व पर्यटन की संभावनाओं को दशार्या गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत निर्णायक मण्डल द्वारा विनायक जायसवाल प्रतिभागियों को पुरस्कार हेतु चयनित किया को बैंड प्राइज,दिव्यांश श्रीवास्तव को विनायक जायसवाल झ्र बैंड पब्लिक च्वाइस अवार्ड वंदना लधवानी को निर्णायक मंडल चयन अवार्ड,सहित अंकित श्रीवास्तव को सर्वश्रेष्ठ एडिटिंग(पर्यावरण) के लिए चयनित किया गया। इसी तरह सिद्धांत पटेल को नया गोण्डा, नई पहचान अक्षय द्विवेदी को गोण्डा की हरियाली,विनोद कुमार को डिजिटल लर्निंग पर रील,अनुराग मौर्या को स्वच्छता जागरूकता,आशुतोष सोनी को महिला सशक्तिकरण,दुर्गेश कुमार सोनी को जैविक और आधुनिक कृषि,जानशी सिंह को युवा स्टार्टअप्स,काव्या सिंह को पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत आदि विषयों पर आधारित प्रतियोगिता में सफल सभी प्रतिभागियों को ₹5,000 की धनराशि प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 109 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके लिए कुल ₹2,180 की व्यवस्था की गई है। कुल पुरस्कार राशि ₹90,180 निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि यह नतीजे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी जारी कर दिए गए हैं।

# बच्चों के दाखिले में न बरतें लापरवाही

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली।** निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जिन बच्चों का चयन हुआ है, उन्हें आवंटित विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। अगर चयनित बच्चों का दाखिला लेने में निजी विद्यालयों ने कोताही या फिर इन्कार किया तो कार्रवाई की जाएगी।

इस बाबत चयनित बच्चों की सूची पर जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों को आदेश जारी कर दिया है।

आरटीई के अंतर्गत प्राइवेट स्कूलों में तय सीटों पर प्री-प्राइमरी या कक्षा एक में चयनित बच्चों को प्रवेश दिलाया जाता है। वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए बच्चों के चयन की प्रक्रिया दिसंबर महीने से शुरू कर दी गई थी।

चार चरणों में चयन प्रक्रिया चली। हर चरण में चयनित बच्चों की सूची आरटीई पोर्टल पर प्रदर्शित होती रही।

प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित बच्चों के प्रवेश के लिए बीएसए ने आदेश पहले ही जारी कर दिया था। इसके बाद दूसरे, तीसरे और चौथे चरण की प्रक्रिया पूरी हुई। इन तीनों चरणों में चयनित बच्चों के दाखिले लेने के लिए बीएसए ने इसी महीने आदेश जारी किए।

नया सत्र शुरू होने से पहले चयन प्रक्रिया इसलिए पूरी करा ली गई, ताकि चयनित बच्चों की नए सत्र में पढ़ाई प्रभावित न हो और उनके दाखिले समय से करा लिए जाएं। जिन स्कूलों में आरटीई के तहत चयनित बच्चे आवंटित किए गए हैं, उन सभी विद्यालयों को बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह ने पत्र भेजा है।

बीएसए ने कहा है कि चयनित बच्चों का दाखिला लेने के बाद उनके संबंध में सभी प्रपत्र खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करा दें।

# कागजों पर दर्ज नहीं, पालिकाध्यक्ष के नाम बन गया मोहल्ला

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली।** नगर पालिका परिषद रायबरेली में अजब का खेल चल रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पालिकाध्यक्ष के नाम से न सिर्फ नया मोहल्ला अस्तित्व में लाया गया, बल्कि 45 लाख के कार्यों के टेंडर जारी कर दिए गए। मामला संज्ञान में आने के बाद टेंडरों को निरस्त कर दिया गया है। पालिका के निर्माण विभाग के अफसरों से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

शहर में नाली, खड़ंजा समेत अन्य विकास कार्यों को कराने के लिए 15वें वित्त आयोग से करीब पांच करोड़ रुपये की धनराशि शासन से मिली थी। पालिका के निर्माण विभाग की तरफ से शहर के 20 नंबर वार्ड में पालिकाध्यक्ष के नाम से शत्रुघ्न नगर मोहल्ला सृजित कर दिया। इस मोहल्ले के नाम लाखों के कार्यों का प्रस्ताव तैयार करके टेंडर जारी कर दिए गए। जबकि पालिका के रिकार्ड में कोई शत्रुघ्न नगर मोहल्ला नहीं है।

सभासद सतीश मिश्रा, जय प्रकाश वर्मा, संजय श्रीवास्तव ने डीएम और प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग से इस मामले की शिकायत की। आरोप लगाया कि पालिकाध्यक्ष के इशारे पर ऐसा किया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने टेंडर निरस्त कर दिया। निर्माण विभाग के लिपिक, एई, जेई से स्पष्टीकरण तलब किया है।

### इन कार्यों के जारी हुए थे टेंडर

वार्ड संख्या 20 के मोहल्ला शत्रुघ्न नगर में रमेश यादव के मकान से अवध पाल के मकान होते हुए नागेंद्र सिंह के मकान तक खड़ंजा व रिटर्निंगवॉल का निर्माण।

महेंद्र सिंह के मकान से सुनील यादव के मकान के मकान तक खड़ंजा व नाली एवं रिटर्निंगवॉल का निर्माण कार्य। सुरेश पाल के मकान से दिलीप यादव के मकान होते हुए विनोद कुमार शुक्ला पान वाले के मकान तक नाली व रिटर्निंगवॉल का निर्माण कार्य। दिलीप अवस्थी के सामने से विजय तिवारी के मकान तक खड़ंजा व रिटर्निंगवॉल का निर्माण, इकबाल होटल के पीछे 90 मीटर न्यू सीवर पाइप लाइन डालने का कार्य। इसी तरह अन्य कार्य भी प्रस्तावित हुए थे।

### प्रापर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाने की कोशिश

फर्जी मोहल्ले के नाम पर लाखों के कार्यों के टेंडर जारी करने के पीछे प्रापर्टी डीलरों को फायदा पहुंचाना था। पर सभासदों की शिकायत पर यह खेल खुल गया। सभासदों का आरोप है कि जहां पर प्रापर्टी डीलरों ने जमीन खरीद रखी हैं, उस क्षेत्र का विकास कराया जाता है। इससे जमीनों की कीमत बढ़ जाती है। इसके एवज में प्रापर्टी डीलरों से धन की वसूली होती है। सभासदों ने उच्चाधिकारियों से जांच कराकर ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मुद्दे को सभासदों ने बोर्ड की बैठक में भी पालिकाध्यक्ष के सामने उठाया था। हालांकि इस पर पालिकाध्यक्ष ने चुप्पी साध रखी है।

**शत्रुघ्न नगर मोहल्ले के नाम पर जारी हुए कार्यों के सभी टेंडर निरस्त कर दिए गए हैं। निर्माण विभाग से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब मांगा गया है कि यह सब कैसे हो गया। जल्द नए टेंडर जारी करके विकास कार्यों को कराया जाएगा।**
**- स्वर्ण सिंह, ईओ, नगर पालिका परिषद रायबरेली**

# पूर्व विवेचक के विरुद्ध जांच व विभागीय कार्रवाई का आदेश

» सब का सपना संवाददाता

**रायबरेली।** धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में हरचंदपुर के सपा विधायक राहुल राजपूत के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल की गई थी। इस पर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डॉ. विवेक कुमार ने चार्जशीट में दाखिल पेन ड्राइव व चेक की जांच विधि विज्ञान प्रयोगशाला से कराने का आदेश दिया है। साथ ही पूर्व विवेचक के खिलाफ जांच कराने और विभागीय कार्रवाई करने का आदेश एसपी को दिया है। यह भी कहा है कि पूर्व विवेचक के खिलाफ एसपी स्तर से कार्रवाई होने के बाद रिपोर्ट कोर्ट को भेजी जाए।



खीरों थाना क्षेत्र के दुलारेपुर पोस्ट रनापुर निवासी रामनरेश ने सितंबर 2023 में हरचंदपुर सपा विधायक राहुल राजपूत और उनके परिवार के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, सदर कोतवाली के चक अहमदपुर नजूल निवासी और हरचंदपुर सपा विधायक राहुल राजपूत उनके भाई रोहित राजपूत व साले कृष्ण कुमार लोधी पर आरोप था कि इन लोगों ने राम नरेश के भाई को नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपये की धोखाधड़ी कर फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया था।

मामले की विवेचना उस समय विवेचक व एसआई अशोक कुमार ने की थी। बताते हैं कि विवेचक ने कुछ धाराओं को कम करते हुए चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की थी। वहीं, रुपयों के लेन-देन को लेकर आरोपी और पीड़ित पक्ष के बीच जो वार्ता हुई थी, उसकी पेन ड्राइव व रुपये के भुगतान में लगाए गए चेक को बिना विधि विज्ञान प्रयोगशाला में जांच कराए कोर्ट को भेज दिया था।

मामले की सुनवाई करते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डॉ. विवेक कुमार ने प्रथमदृष्टया लापरवाही पाने पर मामले में पूर्व विवेचक एसआई अशोक कुमार के खिलाफ जांच कराने व विभागीय कार्रवाई करने का आदेश एसपी को दिया। साथ ही वर्तमान में मामले की विवेचना कर रहे दरोगा सुनील कुमार वर्मा को पेन ड्राइव और चेक की विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जांच कराने के बाद कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है।

# डॉ रमेश श्रीवास्तव को जर्मनी में मिला सर्वोच्च होम्योपैथी सम्मान

**वर्ल्ड होम्योपैथी समिट के अलावा फ्रांस और स्विट्जरलैंड में अपने शोध किये प्रस्तुत**

**जर्मनी से वापस लौटने पर आईएचओएस ने फूल मालाओं से लाद दिया**

» सब का सपना संवाददाता




**रायबरेली।** होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल क्रिश्चियन ऐडरिक हैनीमैन की जयंती पर जर्मनी में संपन्न हुई वर्ल्ड होम्योपैथी समिट में जनपद के प्रख्यात डॉक्टर एवं सेवानिवृत्त जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. रमेश कुमार श्रीवास्तव को होम्योपैथी का सर्वोच्च चिकित्सा सम्मान प्रदान किया गया।डॉ श्रीवास्तव ने समिट के अलावा फ्रांस और स्विट्जरलैंड में अपने शोध प्रस्तुत किये।जर्मनी से लौटने पर इंटेलेक्चुअल होम्योपैथी ऑब्जेक्टिव सामिति (आईएचओएस) आदि सामाजिक संगठनों द्वारा डॉ. रमेश श्रीवास्तव का एक सादे समारोह में स्वागत और सम्मान किया गया।

समारोह में उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ श्रीवास्तव को जर्मनी में मिले सम्मान से जनपद का नाम रोशन हुआ है।डॉ श्रीवास्तव के शोध देश और विदेश में होम्योपैथी चिकित्सा की गौरव गाथा बता रहें हैं।कहा गया कि उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से हर तरफ से निराश हताश और असाध्य बीमारियों से पीड़ित असंख्य मरीजों को जीवन दान दिया है।वह निस्वार्थ भाव से निर्धन,असहाय लोगों की सेवा करने में हमेशा लगें रहतें हैं।डॉ श्रीवास्तव को इसके पूर्व उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड सरकार द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका हैं।इस मौके पर डॉ. राजीव सिंह,डॉ. सुनील त्रिवेदी,डॉ. प्रभात कुमार,डॉ. आशीष कुमार,डॉ.क्रांति कुमार सिंह,डॉ रफत आलम,डॉ. केसी चौधरी,डॉ. प्रशांत कुमार,पीएन त्रिपाठी,बृजेंद्र श्रीवास्तव आदि तमाम लोग मौजूद रहें।

# मिजार्पुर में 131 करोड़ की 7 पर्यटन परियोजनाएं स्वीकृत, विंध्यधाम क्षेत्र को मिलेगा नया स्वरूप

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मिजार्पुर जनपद में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 131.51 करोड़ रुपये लागत की सात विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। ये परियोजनाएं जनप्रतिनिधियों और जिलाधिकारी के प्रस्तावों के आधार पर मंजूर की गई हैं, जिनका उद्देश्य विंध्यवासिनी धाम सहित क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों को बेहतर सुविधाओं से लैस करना है।



राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विंध्याचल क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग और पर्यटक सुविधा केंद्र के निर्माण पर 45.63 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जबकि मां की पैड़ी के पर्यटन विकास पर 46.76 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त, विंध्यधाम में उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद कार्यालय का निर्माण 23.73 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

जयवीर सिंह ने कहा, विंध्यधाम में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होने से श्रद्धालुओं की संख्या में निश्चित ही वृद्धि होगी। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बल मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।ह्व उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित कर शासनादेश जारी कर दिया गया है। सभी परियोजनाओं के निर्माण में समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मेरठ में 2232.74 लाख रुपये की 04 परियोजनाएं स्वीकृत

पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 जनपद मेरठ के पर्यटन विकास के लिए 2232.74 लाख रुपये की 04 परियोजनाएं स्वीकृत की गई है। मेरठ का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान है। इसके अलावा यह जनपद ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। इस जनपद में पर्यटन विकास की योजनाएं पूरा कराकर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं सुलभ करायी जा रही हैं।

# लखनऊ : सेन्ट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ की स्वाभिमान बैठक, परिवहन निगम के निजीकरण के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

» सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** परिवहन निगम के निजीकरण की संभावनाओं और कर्मचारियों के भविष्य पर मंडरा रहे खतरे को लेकर सेन्ट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ, लखनऊ क्षेत्र की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक को चालक-परिचालक स्वाभिमान बैठक का नाम दिया गया, जो प्रांतीय निदेशों के अनुरूप आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को जागरूक कर आगामी संघर्ष के लिए तैयार करना था।

बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी व्यास ने की, जबकि प्रमुख वक्ता प्रांतीय महामंत्री जसवंत सिंह ने संगठन की ओर से अब तक किए गए प्रयासों और सरकार की निष्क्रियता को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 में प्रमुख सचिव परिवहन से सकारात्मक वार्ता हुई थी, लेकिन उसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। यहां तक कि 15 फरवरी को मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया, परंतु उसका भी कोई असर नहीं दिखा। जसवंत सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर परिवहन निगम को खत्म कर निजी हाथों में सौंपने की कोशिशें नहीं रुकीं, तो यह संघर्ष अब आर-पार का होगा। अगर बलिदान की जरूरत पड़ी, तो मैं खुद आगे आकर बलिदान देने को तैयार हूं। उन्होंने निगम प्रबंधन और कुछ संगठनों पर निजी लाभ के लिए मिलीभगत करने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।

बैठक में आलमबाग, अवध, कैसरबाग, हैदरगढ़, उपनगरीय चारबाग और रायबरेली डिपो के कई कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित लोगों में मीसम जैदी, चंद्र प्रताप सिंह, शेखर सक्सेना, संतोष सिंह, आरिफ हुसैन, रामकुमार, चंद्रशेखर शुक्ला और अरुण सिंह शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्लोबल निवेश के नए द्वार खोलेगा मिरे असेट का ग्लोबल एलोकेशन फंड, गिफ्ट सिटी से होगी शुरूआत

गांधीनगर/मुंबई : मिरे असेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड की आईएफएससी शाखा ने मिरे एसेट ग्लोबल एलोकेशन फंड आईएफएससी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक कैटेगरी-III का क्लोज-एंडेड (नॉन-रिटेल) अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) है, जिसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज सेंटर्स अथॉरिटी-IFSCA) के विनियमों के तहत लाया गया है।

एक आउटबाउंड फंड के रूप में यह स्कीम वैश्विक बाजार सूचकांकों और नई उभरती प्रवृत्तियों पर आधारित ग्लोबल इक्विटी ईटीएफ में निवेश कर निवेशकों के लिए दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का अवसर प्रदान करती है। निवासी व्यक्तिगत निवेशक लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत प्रति वित्त वर्ष 2.5 लाख डॉलर तक निवेश कर सकते हैं, जबकि फैमिली ऑफिस और संस्थागत निवेशक ओपीआई के जरिए अपनी निवल संपत्ति के 50% तक निवेश कर सकते हैं। गिफ्ट सिटी स्थित भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में लॉन्च किया गया यह फंड 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर की शुरूआती राशि जुटाने का लक्ष्य रखता है, जिसमें अतिरिक्त 200 मिलियन डॉलर का ग्रीन शू ऑप्शन भी शामिल है। यह फंड केवल उन्हीं मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए उपलब्ध है जो कम से कम 1.51 लाख डॉलर का निवेश कर सकते हैं।

### अमेठी में दलित युवक की हत्या के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

**अमेठी , एजेंसी।** अमेठी जिले में पुलिस ने 25 वर्षीय दलित युवक शिवम की हत्या के मामले का मंगलवार को खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। शिवम की सोमवार शाम गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस अधिक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि 21 अप्रैल को जामो थाना क्षेत्र के आलम सिंह का पुरवा मजरे कल्याणपुर के निवासी छोटेलाल कोरी ने थाने में दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था कि उनके बेटे शिवम कुमार कोरी को रितेश सिंह के मुर्गी फार्म में विकास यादव उर्फ सूरज तथा मान सिंह व दो अज्ञात व्यक्तियों ने गले व सिर पर धारदार हथियार से कई वार करके मार डाला है। उन्होंने बताया कि इस मामले में मान सिंह, विकास यादव उर्फ सूरज व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 61(2) (आपराधिक षडयंत्र में शामिल होना) व अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### हिंदू एक नहीं, चार बच्चे पैदा करें : भाजपा सांसद साक्षी महाराज

**उन्नाव, एजेंसी।** प्रदेश के उन्नाव से भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने विवादित बयान दिया। उन्होंने हिंदुओं से चार बच्चे पैदा करने की अपील की। सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि हिंदू एक नहीं, चार बच्चे पैदा करें। भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने मीडिया से बात करते हुए कहा, मैंने बहुत पहले जनवरी में मेरठ में कहा था कि जनसंख्?या का संतुलन नहीं बिगड़ना चाहिए, इसलिए या तो हम दो, हमारे दो के लिए कानून बनाया जाना चाहिए और अगर ऐसा नहीं होता है, तो हिंदुओं को तीन नहीं, बल्कि चार बच्चे पैदा करने चाहिए। साक्षी महाराज ने मुर्शिदाबाद में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ममता सरकार द्वारा की गई जांच में भी अब यह स्पष्ट रूप से सामने आ गया है कि हिंदुओं के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ, उन्हें वहां से भगाया गया। मुर्शिदाबाद की स्थिति स्पष्ट है। इस मामले में भारत सरकार और सुप्रीम कोर्ट को फैसला लेना होगा। साक्षी महाराज ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव किसी भी दल के साथ चुनाव लड़ लें, लेकिन मैं उनको बता देना चाहता हूं कि भाजपा थी।

# जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं के विरोध में व्यापारियों का सदर बाजार में प्रदर्शन

## आंतकवादी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा देश परमजीत सिंह, पम्मा व राकेश यादव

» सब का सपना संवाददाता




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कई पर्यटकों के मारे जाने के विरोध में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में सदर बाजार कुतुब रोड चौक पर काली पट्टी बांधकर सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

आज सुबह दुकान खुलते ही सैकड़ो की तादाद में व्यापारी कुतुब रोड चौक पर इकट्ठा होने शुरू हो गए जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नारों के साथ-साथ बेगुनाह का खून बहाना बंद करो, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करो नारे लगाते हुए रोष प्रकट किया।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहां बड़े दुख की बात है जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में यह घटना हुई है इस घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। यह पाकिस्तान व आतंकवादियों का मकसद है कश्मीर में इस प्रकार का माहौल पैदा करके के वहां दहशत का माहौल पैदा करना क्योंकि वहां पर पर्यटकों ना जाए जिससे वह फिर से कहीं कश्मीरी को गुमराह करके पत्थरबाज या आंतकवादी बन सके जिस देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।

परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाए और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दे। जिससे आने वाले समय में कोई भी ऐसी घटना ना कर सके। और आंतकवादियों को चुन-चुन कर मारा जाए।

इस अवसर पर फेडरेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत भूषण गोगिया, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, उपाध्यक्ष रमेश सचदेवा, जाने आलम, व्यापारी नेता रोशन लाल आनंद, हरजीत सिंह छाबड़ा सुनील पुरी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

सभी ने वहां पर मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए अरदास के लिए प्रार्थना की।

## मई में खुलेगा ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले चरण का टेंडर

**गुरुग्राम एजेंसी।**



ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के पहले चरण का टेंडर एक मई को खुलेगा। गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) ने टेंडर की समयावधि को बढ़ा दिया है। इस टेंडर को मंगलवार शाम को खोला जाना था। गत आठ मार्च को जीएमआरएल ने ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से लेकर सेक्टर-नौ तक होते हुए सेक्टर-101 तक मेट्रो निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किए थे। इस टेंडर के तहत 22 अप्रैल तक आवेदन भरना था। करीब 14.5 किलोमीटर लंबे इस पहले चरण के तहत कई बड़ी कंपनियों की तरफ से प्री-बिड में सवाल किए हैं।

इन सवालों के जवाब को तैयार करने में समय लग गया। ऐसे में इस टेंडर की समयावधि को बढ़ाकर एक मई कर दिया है। पहले चरण के तहत 1286 करोड़ रुपये मेट्रो निर्माण पर खर्च किए जाएंगे। बता दें कि 28.5 किमी लंबे मेट्रो रूट के तहत 27 स्टेशन का निर्माण होना है। इसके निर्माण पर करीब 5452 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा।

पहले चरण के मेट्रो रूट में बख्तावर चौक पर अंडरपास आ रहा है। इसका निर्माण जीएमआरएल से करवाने का फैसला लिया है। दूसरे चरण में पांच अंडरपास तैयार होने हैं। इनमें एक चिंतपूर्णी मंदिर के समीप, दूसरा सेक्टर-तीन और पांच की मुख्य सड़क पर शीतला माता मंदिर की तरफ, तीसरा कृष्णा चौक पर बजघेड़ा से लेकर सेक्टर-पांच की तरफ, चौथा रेजांगला चौक पर और पांचवां अंडरपास पालम विहार रोड और ओल्ड दिल्ली रोड की कनेक्टीविटी पर तैयार किया जाएगा। जीएमआरएल की तरफ से तीन चरण में मेट्रो को तैयार किया जाएगा। पहले चरण में मिलेनियम सिटी सेंटर से लेकर सेक्टर-नौ और सेक्टर-101 तक मेट्रो का निर्माण होगा, दूसरे चरण में सेक्टर-नौ से लेकर डीएलएफ साइबर सिटी तक मेट्रो का निर्माण किया जाएगा। तीसरे चरण में मेट्रो डिपो का निर्माण होगा। मेट्रो डिपो को लेकर अभी तक जीएमआरएल को जमीन नहीं मिली है।

## देश के पूर्वी हिस्से से जुड़ेगा एनसीआर बोड़ाकी स्टेशन पर दौड़ेगी वंदे भारत सहित 100 ट्रेने; बनेंगे 12 प्लेटफॉर्म

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में एक रेलवे स्टेशन बनने वाला है जो एनसीआर को देश के पूर्वी हिस्से से जोड़ेगा। इसे ग्रेटर नोएडा टर्मिनल कहा जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह उत्तर भारत के सबसे आधुनिक हब में से एक हो सकता है। जिसपर वंदे भारत और अन्य प्रीमियम एक्सप्रेस सहित 100 ट्रेनों को चलाया जा सकता है। 176 हेक्टेयर के बड़े मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंदर 46 हेक्टेयर में फैले इस स्टेशन में व्यापक रखरखाव कार्यों के लिए 12 प्लेटफॉर्म और 63 यार्ड लाइनें होंगी। जबकि ग्राउंड फ्लोर पर रेलवे ऑपरेशन होंगे, ऊपर की मंजिलों में कमर्शियल स्पेस होंगे, जिसमें मिश्रित उपयोग वाला विकास होगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पूरक के रूप में - जहां कुछ महीनों बाद परिचालन शुरू होने वाला है। उससे एक घंटे से भी कम की दूरी पर स्थित यह स्टेशन, दिल्ली-एनसीआर और पूर्वी भारत के बीच कनेक्टिविटी में मदद करेगा। ट्रांसपोर्ट हब, जिसका ग्रेटर नोएडा टर्मिनल एक हिस्सा होगा। यह एक अंतर-राज्यीय बस स्टैंड, एक स्थानीय बस टर्मिनल और डिपो स्टेशन को बोडाकी से जोड़ने वाले मेट्रो कॉरिडोर को एकीकृत करेगा, जो ग्रेटर नोएडा, नोएडा और एनसीआर शहरों के यात्रियों के लिए एक कनवर्जेंस पाइंट होगा। इसके डिजाइन में किए बदलावों के बाद परियोजना का दायरा शुरुआती अवधारणा के बाद से काफी बदल गया है। इसके लिए पहले 1,850 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। टीओआई कोअधिकारियों ने बताया कि इसकी बढ़ी हुई क्षमताओं के साथ बजट के दोगुना होने की उम्मीद है। ग्रेटर नोएडा टर्मिनल चालू होने पर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और अन्य एनसीआर शहरों से पूर्व की ओर जाने वाले यात्री यातायात को कम करेगा।

## गुरूग्राम के 70 फीसदी निजी स्कूलों में आग से बचने का कोई इंतजाम नहीं

**गुरूग्राम, एजेंसी।**



बढ़ती गर्मी से जिले में आगजनी की घटनाएं होने के बाद भी निजी स्कूलों से लेकर कोचिंग सेंटरों में आग से बचाव के इंतजाम नहीं है। 70 प्रतिशत ऐसे स्कूल हैं,जिनमें फायर से जुड़े उपकरण नहीं लगे हैं। 30 प्रतिशत स्कूलों की ओर से फायर एनओसी है। वहीं, निजी स्कूलों में सुरक्षा नीति नहीं लागू होने से सुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर अभिभावको को चिंता है। फायर विभाग के अनुसार गुरुग्राम में 527 निजी स्कूल संचालित होते हैं।

इसमें अधिकांश स्कूलों के पास बिल्डिंग प्लान मंजूर कराए बिना इमारत बनाई है। इसमें स्कूल संचालित करते है। स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा के मानक पूरे नहीं हैं, इनके अंदर भी कोई आग से हादसा होता है तो गंभीर परिणाम सामने आएंगे। क्योंकि ये बहुमंजिला इलाकों में काफी संकरी और तंग जगहों में चल रहे हैं, जहां न तो आपात काल में निकासी का कोई रास्ता है,न आग से बचाव के कोई प्रबंध किए गए है।

आठ साल पहले शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में आगजनी की घटना को लेकर छात्रों की सुरक्षा के लिए नीति बनाई थी। इसमें छात्रों की सुरक्षा के लिए स्कूल की नीति में स्कूल परिसर को सुरक्षित रखना, छात्रों को विभिन्न खतरों के बारे में शिक्षित करना और आपातकालीन स्थिति में उचित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना शामिल है। शहर के रेलवे रोड, सेक्टर-14 समेत कई स्थानों पर चल रहे कोचिंग सेंटरों में भी कोई इंतजाम नहीं हैं। कोचिंग सेंटर में बच्चों की सुरक्षा के लिए नियम लागू नहीं किए जा रहें हैं। यहां न तो आपातकाल में के समय बाहर निकलने का कोई रास्ता है और न आग से बचाव के कोई इंतजाम किए गए। अभिभावक अम्बरीश रंजन ने कहा कि बच्चे के स्कूल में न कभी फायर सेफ्टी के बारे में सुना और न कभी स्कूल ने मॉक ड्रिल की कोई जानकारी दी गई। सचिन गुप्ता ने कहा कि गुरुग्राम के स्कूलों में फायर उपकरण कभी नहीं देखा गया। अग्नि निकास, दिव्यांगों के लिए मार्ग (व्हील चेयर) आदि शामिल हैं। अग्निशमन विभाग के अनुसार बच्चों का जमावड़ा बेसमेंट में नहीं हो सकता। लोकेश यादव ने कहा कि निजी स्कूलों में आग सुरक्षा के मानकों को बेहतर बनाने के लिए सरकार, स्कूलों और फायर विभाग को सख्त निर्णय लेने चाहिए। बच्चे के स्कूल में भी आग सुरक्षा के इंतजाम अपर्याप्त हैं। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो।

ऑल इंडिया पैरेंट्स संस्थापक प्रदीप रावत ने कहा कि हर स्कूल में फायर सेफ्टी उपकरण होना और चालू हालत में होना अति आवश्यक है। आखिर बच्चों की सुरक्षा का सवाल है। दिल्ली एनसीआर में कई स्कूल फायर मॉक ड्रिल करते भी हैं, लेकिन सब स्कूल नहीं करते हैं। प्रशाशन सुनिश्चित करें कि ये जिम्मेदारी स्कूल ठीक से निभाएं।

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इजराइल भारत के साथ खड़ा है: विदेश मंत्री गिदोन सार

**येरुशलम, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घृणित आतंकवादी हमले की भारत में इजराइल दूतावास के प्रवक्ता गाइ नीर ने निंदा की है, उन्होंने भारत के साथ इजराइल की मजबूत एकता पर जोर दिया है. गाइ नीर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए घृणित आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं. आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इजराइल भारत के साथ खड़ा है.



भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने भी हमले पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और आतंकवाद के खिलाफ भारत के संघर्ष में सुरक्षा बलों के प्रति समर्थन व्यक्त किया. रियुवेन अजार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से दुखी और स्तब्ध हूं, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान चली गई. हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं और हमारा समर्थन आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में सुरक्षा बलों के साथ है.

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने इस घटना को जघन्य आतंकी हमला करार दिया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने संदेश में कहा कि इजराइल आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुट है. उन्होंने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की. पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर किया गया यह हमला मंगलवार को हुआ. हमले के बाद, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर बात की और उन्हें घटना के जवाब में सभी आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया. पीएम मोदी ने गृह मंत्री को व्यक्तिगत रूप से स्थिति का आकलन करने के लिए दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में हमले के स्थल का दौरा करने के लिए भी कहा है. इसके अलावा, भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त एचसी वोंग ने हमले पर दुख व्यक्त किया और घायलों तथा मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की. सिंगापुर इन इंडिया ने एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए निंदनीय हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं. हमारी संवेदनाएं घायलों तथा मृतकों के परिवार के साथ हैं. अर्जेंटीना के राजदूत ने जताया दुख हमले के बाद, भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने आतंकवादी कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि अर्जेंटीना भारत के साथ खड़ा है. भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त एचसी वोंग ने भी हमले पर दुख व्यक्त किया।

## भारत और सऊदी अरब के बीच अंतरिक्ष, संचार, सेहत और डोपिंग शिक्षा पर अहम समझौते

**जेद्दा , एजेंसी।** भारत और सऊदी अरब ने रक्षा समेत दो नई मंत्रिस्तरीय समितियों का गठन किया है। दोनों पक्षों ने भारत में दो रिफाइनरियां स्थापित करने पर सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी अरब के क्राउंन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच द्विपक्षीय बातचीत में इन पर सहमति बनी। दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष, डोपिंग रोधी शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

पीएम नरेंद्र मोदी और सलमान ने रणनीतिक साझेदारी परिषद की सह-अध्यक्षता की, जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच मित्रता को और मजबूत करना है। रणनीतिक साझेदारी परिषद की स्थापना द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री की 2019 की यात्रा के दौरान की गई थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, परिषद ने एसपीसी के अंतर्गत विभिन्न समितियों, उपसमितियों और कार्य समूहों के कार्यों की समीक्षा की, जिसमें राजनीतिक, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, संस्कृति और लोगों के बीच संबंधों से संबंधित कार्य शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में रक्षा साझेदारी में हुई गहनता को प्रतिबिंबित करने के लिए- जिसमें संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण कार्यक्रम और रक्षा उद्योग में सहयोग शामिल है- दोनों पक्षों ने रक्षा सहयोग पर एक नई मंत्रिस्तरीय समिति बनाने का निर्णय लिया।

## अमेरिकी हमलों के बीच हूती विद्रोहियों की इस्राइल को चुनौती, कई शहरों पर दागी मिसाइलें

**तेल अवीव, एजेंसी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इस्राइल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इस्राइली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवतः मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया।

हूतियों ने अभी तक नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इस्राइल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इस्राइल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंरराष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ ऑपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए।

हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। नवंबर 2023 से इस साल जनवरी तक हूतियों ने लाल सागर में 100 से अधिक व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया और दो जहाजों को डुबो दिया। इस दौरान चार नाविक मारे गए। इन हमलों के चलते लाल सागर इलाके में अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हुआ। हालांकि अमेरिका द्वारा हूतियों पर किए गए हमलों में कितने लोग मारे गए हैं और किन ठिकानों को निशाना बनाया गया है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। हूतियों द्वारा भी हमलों को लेकर ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# एग्जीक्यूटिव एमबीए का बढ़ता क्रेज : करियर में तरक्की के लिए 60% प्रोफेशनल्स IIMs की ओर

» सब का सपना संवाददाता

भारत के अग्रणी ऑनलाइन एजुकेशन प्लेटफॉर्म कॉलेज विद्या द्वारा कराए गए एक हालिया अध्ययन से यह बात सामने आई है कि भारत के कामकाजी पेशेवरों की शैक्षिक प्राथमिकताओं में बड़ा बदलाव आ रहा है। अब अधिक से अधिक लोग करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रीमियर इंडियन इंस्टीट्यूट्स ऑफ मैनेजमेंट से एग्जीक्यूटिव एमबीए करने की ओर रुख कर रहे हैं। यह अध्ययन पिछले तीन वर्षों में 1 लाख छात्रों के सैंपल साइज पर आधारित है, जिसमें पाया गया कि लगभग 60% कामकाजी प्रोफेशनल्स एग्जीक्यूटिव एमबीए करने में रुचि रखते हैं, जबकि 75% इसे पारंपरिक फुल-टाइम एमबीए प्रोग्राम का व्यवहारिक विकल्प मानते हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि अब प्रोफेशनल्स शिक्षा को करियर की रणनीतिक दिशा देने वाले टूल के रूप में देख रहे हैं।

मैनेजमेंट फंक्शन से जुड़े मिड से सीनियर लेवल के प्रोफेशनल्स इन प्रोग्राम्स के मुख्य उम्मीदवार हैं। रिसर्च के अनुसार, औसतन 5-7 साल के अनुभव वाले प्रोफेशनल्स सबसे अधिक संभावित उम्मीदवार होते हैं, जो अपने मैनेजरियल स्किल्स को निखारने और लीडरशिप पोटेंशियल को बढ़ाने के लिए इन कोर्सेज का चयन करते हैं। एग्जीक्यूटिव एमबीए की बढ़ती मांग यह दशार्ती है कि प्रोफेशनल्स अब सोच-समझकर अपस्किलिंग का रास्ता चुन रहे हैं ताकि वे अपने करियर में निरंतर प्रगति कर सकें।

फ्लेक्सिबिलिटी प्रोग्राम चयन का सबसे प्रभावशाली कारक बनकर उभरा है, जिसके चलते ऑनलाइन एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्सेज की मांग तेजी से बढ़ी है। हालांकि डिजिटल लर्निंग का विकल्प प्रमुख बना हुआ है, फिर भी एक वर्ग ऐसा है जो हाइब्रिड मॉडल को पसंद करता है जिसमें समय-समय पर इन-पर्सन नेटवर्किंग के अवसर मिलते हैं।

कॉलेज विद्या के सीओओ रोहित गुप्ता ने इस स्टडी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा,

शीर्ष IIMs से एग्जीक्यूटिव एमबीए की बढ़ती मांग यह दिखाती है कि अब प्रोफेशनल्स करियर ग्रोथ को लेकर कहीं अधिक रणनीतिक और दूरदर्शी हो गए हैं। वे सिर्फ डिग्री नहीं चाहते, बल्कि ऐसी शिक्षा में निवेश कर रहे हैं जो उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों से मेल खाती हो। प्रोफेशनल कमिटमेंट्स के साथ पढ़ाई को संतुलित करने की क्षमता, और IIMs जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता, एग्जीक्यूटिव एजुकेशन की परिभाषा को ही बदल रही है। यह ट्रेंड एक अधिक परिपक्व और समझदार ऑडियंस को दशार्ता है, जो क्वालिटी और फ्लेक्सि-बिलिटी दोनों को महत्व देती है।

स्टडी से यह भी स्पष्ट होता है कि प्रोफेशनल्स अब संस्थानों की प्रतिष्ठा और मान्यता पर पहले से कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं।

### पहलगाम हमले पर सलमान-शाहरुख, प्रियंका-अनुष्का ने भी तोड़ी चुप्पी, बोले-

# 'धरती के जन्नत को नर्क बना दिया'



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले की पूरे देश में निंदा हो रही है. सोशल मीडिया पर आम लोग और बॉलीवुड हस्तियां, सब इस कायराना हरकत की आलोचना कर रहे हैं. तमाम सेलेब्स के बीच ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा और किंग खान, सलमान खान ने भी हमले पर प्रतिक्रिया दी है. प्रियंका और शाहरुख ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर हमले की निंदा की है और इसमें जान गंवाने वाले परिवारों के प्रति संवेदनाएं जताई हैं.

**सलमान खान** ने ट्विटर पर पहलगाम की घटना पर रिएक्ट करते हुए लिखा, द्यधरती का स्वर्ग कश्मीर को इन्होंने नर्क में बदल दिया. निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है. मेरी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं. एक भी मासूम को मारना पूरी कायनात को मरने के बराबर है.

### प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा



पहलगाम में जो हुआ, वह निंदनीय है. लोग वहां छुट्टियां मनाने, हनीमून मनाने, अपने परिवार के साथ सेलिब्रेट करने आए थे. वे बस कश्मीर की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे थे. कई मासूम लोगों की जान उस तूफान में फंस गई, जिसकी उन्होंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी. अपनों के सामने ही उन्हें निशाना बनाया गया. यह ऐसी घटना नहीं है जिसे हम भूलकर आगे बढ़ सकें. यह हमें लंबे समय तक परेशान करेगी. मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस हमले से प्रभावित हुए हैं.

### पहलगाम पर बोले शाहरुख



शाहरुख खान ने लिखा- पहलगाम में हुई हिंसा पर दुख और गुस्से को शब्दों में बयां करना मुश्किल है. ऐसे समय में, हम केवल भगवान से पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना कर सकते हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर सकते हैं. हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर मजबूत बनें.

### सेलेब्स ने की निंदा



प्रियंका के अलावा, आलिया भट्ट ने भी पहलगाम हमले पर अपना दुख व्यक्त किया है. आलिया ने अपने इंस्टा पोस्ट में लिखा- पहलगाम से आई खबर दिल दहला देने वाली है. निर्दोष लोगों की जान चली गई. टूरिस्ट, परिवार और वहां गए लोग बस उस खूबसूरती को जी रहे थे, सुकून की तलाश में थे, जिंदगी जी रहे थे, लेकिन अब उनकी जिंदगी में सिर्फ दुख है. हर बार जब ऐसा कुछ होता है, तो यह हमारी इंसानियत को जैसे खत्म कर देता है. इस हमले में मारे गए लोगों की आत्मा को भगवान शांति दे

### अनुष्का शर्मा क्या बोलीं

अनुष्का शर्मा ने भी इंस्टा पोस्ट किया और लिखा, कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए भयावह आतंकी हमले के बारे में सुनकर दिल टूट गया. उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं. यह बेहद दर्दनाक हमला है जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकेगा.

# कानूनी पचड़े में फंसी कंगना रनौत की 'इमरजेंसी'

### राइटर ने भेजा लीगल नोटिस, लगाए कई गंभीर आरोप




**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी एक बार फिर विवादों में घिर गई है. राइटर कूमी कपूर ने प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया है. पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, कूमी कपूर ने मणिकर्णिका फिल्म्स को लीगल नोटिस भेजा है और दावा किया है कि कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस ने कॉन्ट्रैक्ट का उल्लंघन किया है.

#### कहानी में बदलाव करने का आरोप

कूमी कपूर ने कहा, मेरी बेटी वकील है, इसलिए उनकी सलाह पर मैंने दो क्लॉज शामिल की थीं. मेकर्स को फिल्म बनाने की पूरी आर्टिस्टिक फ्रीडम थी, लेकिन कुछ भी ऐसा नहीं बदला जाना चाहिए, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों के विपरीत हो.

#### राइटर ने भेजे दो लीगल नोटिस

उन्होंने बताया, द्यकॉन्ट्रैक्ट में यह भी कहा गया था कि फिल्म के प्रचार के लिए राइटर के नाम और किताब का उपयोग पहले से बिना लिखित सहमति के नहीं किया जा सकता. मैं उस समय गोवा में थी और फिल्म नहीं देखी थी, यह मानते हुए कि वे कॉन्ट्रैक्ट को फॉलो करेंगे.

#### तथ्यों के साथ हुई छेड़छाड़

कूमी कपूर ने कहा कि अग्रीमेंट पर साइन करने के दौरान उन्हें बताया गया था कि उनकी किताब में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर आधारित एक विशेष चैप्टर का ही फिल्म में रेफरेंस दिया जाएगा.

हालांकि, जब उन्होंने देखा कि फिल्म का टाइटल उनकी किताब के नाम से काफी मिलता-जुलता है, तो वह हैरान रह गईं. लीगल नोटिस में उन्होंने यह भी दावा किया कि कंगना रनौत की इमरजेंसी में कई गलतियां हैं. कूमी कपूर ने कहा, फैक्ट यह है कि इमरजेंसी तब तक नहीं हटाई गई थी, जब तक कि इंदिरा गांधी ने मार्च 1977 में आम चुनाव नहीं हारी थी.

#### राइटर ने मांगा मुआवजा

कूमी कपूर ने फिल्ममेकर्स के लापरवाह और इललीगल बिहेवियर की वजह से उनके रिप्युटेशन, इमोशनल और फाइनेंशियल नुकसान के लिए तुरंत मुआवजे की मांग की है.

उन्होंने नोटिस में कहा कि, यदि आप अनुपालन करने में विफल रहते हैं, तो फिर हमारी क्लाइंट अपने अधिकारों के इस गंभीर उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने का अधिकार रखती है.

## खेल

### न्यूज ब्रीफ

#### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर कीथ स्टैकपोल का निधन

**मेलबर्न (एजेंसी)** ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम के पूर्व उप कप्तान और 1973 में विजडन के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों में से एक कीथ स्टैकपोल का निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। वह 84 वर्ष के थे। स्टैकपोल ने 1966 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 43 टेस्ट मैच में 2,807 रन बनाए। उन्होंने एक लेग स्पिनर के रूप में 15 विकेट भी लिए।
उन्होंने 1971 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए सबसे पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी हिस्सा लिया था। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया की पांच विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

#### मुंबई और सनराइजर्स के बीच आईपीएल मैच में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेंगे खिलाड़ी


**हैदराबाद (एजेंसी)** सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताने के लिए आईपीएल मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर खेलेंगे जबकि इस मुकाबले में चीयरलीडर्स नहीं होंगी और आतिशबाजी भी नहीं की जाएगी। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। टीमें इस घटना से प्रभावित लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन भी रखेंगी। इस घटना की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, दोनों टीम के खिलाड़ी काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वालों की याद में एक मिनट का मौन रखेंगे।

## सुपर कप मैच के दौरान खिलाड़ियों ने आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक जताते हुए काली पट्टी बांधी

**भुवनेश्वर (एजेंसी)** बेंगलुरु एफसी और इंटर काशी के खिलाड़ियों ने बुधवार को यहां अपने सुपर कप मैच से पहले पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांधकर खेले।

पहलगाम के बैसरन में मंगलवार को आतंकवादियों ने कम से कम 26 लोगों की हत्या कर दी जिसमें अधिकतर पर्यटक थे।

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकी समूह का हिस्सा द्यद रेजिस्टेंस फ्रंटद्व (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले की दुनिया भर में कड़ी निंदा की गई है। दोनों टीम के घरेलू और विदेशी खिलाड़ी आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मैच शुरू होने से ठीक पहले खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और कलिंगा स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने दिवंगत आत्माओं की याद में एक मिनट का मौन रखा।



इससे पहले बेंगलुरु एफसी ने आतंकी हमले के पीड़ितों और घायलों के साथ एकजुटता व्यक्त की। आईएसएल 2018-19 चैंपियन क्लब बेंगलुरु एफसी ने एक्स पर कहा, बेंगलुरु एफसी पीड़ितों, उनके परिवारों और पहलगाम हमले में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

उन्होंने कहा, आज के कलिंगा सुपर कप मैच से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा जहां टीम के खिलाड़ी सम्मान के तौर पर बांह पर काली पट्टी बांधेंगे। बेंगलुरु एफसी और भारत के कप्तान सुनील छेत्री ने आतंकवादियों के कायराना कृत्य की निंदा की।

छेत्री ने कहा, पहलगाम से आ रही खबर से दुखी हूं। शब्द कम पड़ रहे हैं। मेरी संवेदनाएं इस कायराना आतंकी हमले से प्रभावित सभी परिवारों के साथ है। इंटर काशी ने आतंकवादी हमले को देश की आत्मा पर घाव बताया। इंटर काशी ने कहा, वे कहते हैं कि शो चलते रहना चाहिए। और चलता है। लेकिन बिना याद किए नहीं। बिना गुस्से के नहीं। पहलगाम खून से लथपथ है और हम भी। जो हुआ वह सिर्फ एक खबर का शीर्षक नहीं है - यह इस देश की आत्मा पर एक घाव है।

उन्होंने कहा, आतंकवाद की सिर्फ निंदा नहीं की जानी चाहिए बल्कि उसका सामना किया जाना चाहिए और उसे हराया जाना चाहिए। हम एकजुट हैं - दुख में, गुस्से में और संकल्प में।

वाराणसी के इस आईलीग क्लब ने कहा, दुनिया आगे बढ़ रही है, हम एकजुटता और गुस्से में खड़े होने के लिए रुकते हैं। खेल चलता रहता है, हां - लेकिन चुपचाप नहीं। क्योंकि खेल जीवन को दशार्ता है और आज हम उन लोगों के लिए अपनी आवाज उठाते हैं जिन्हें इतनी क्रूरता से छीन लिया गया।

## भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना: पोरेल

**लखनऊ (एजेंसी)** दिल्ली कैपिटल्स के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल देश के किसी भी अन्य क्रिकेटर की तरह भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि अभी उनका इस साल अपनी टीम को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ट्रॉफी जीतने में मदद करना है। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 36 गेंदों में 51 रन बनाकर दिल्ली को मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स पर आठ विकेट से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोरेल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अपनी हर पारी का आनंद ले रहा हूं, हर पारी में बेहतर बनने की कोशिश कर रहा हूं। भविष्य की योजना भारत के लिए खेलना, लंबे समय तक देश के लिए खेलना है।



उन्होंने कहा, लेकिन वर्तमान में मेरा पूरा ध्यान आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर है। मैं ट्रॉफी जीतने में टीम की मदद कैसे कर सकता हूं, मैं टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं। यह अभी बहुत मायने रखता है।

पोरेल ने कहा, मैं अपने खेल को जानता हूं और सहयोगी स्टाफ भी यह जानता है। सहयोगी स्टाफ हमेशा मुझे खुलकर खेलने और कोई तनाव न लेने के लिए कहता है।

लखनऊ के सहायक कोच विजय दहिया ने कहा कि उनकी टीम ने शानदार शुरूआत के बाद पारी के दूसरे भाग में लय खो दी।

## मेगा नीलामी के बाद टीमें और खिलाड़ी नये होने से घरेलू मैदान का फायदा नहीं : द्रविड़

**बेंगलुरू (एजेंसी)** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को कहा कि खिलाड़ियों के नयी टीमों से जुड़ने और मैदान के हालात की अधिक जानकारी नहीं होने से टीमें आईपीएल के इस सत्र में घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिलने की बात कर रहीं हैं ।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू, चेन्नई सुपर किंग्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी कई टीमों ने अपने घरेलू मैदान पर पिचों को लेकर असंतोष जताया है । द्रविड़ ने आरसीबी के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के मैच की पूर्व संध्या पर कहा , यह मैदान पर निर्भर करता है । मैं नहीं जानता कि टीमें अपने क्यूरेटर से क्या चाहती हैं । मेगा नीलामी के बाद टीमें नयीं भी हैं। उन्होंने रॉयल्स के नीतिश राणा और आरसीबी के फिल साल्ट का उदाहरण दिया जो पिछले साल की नीलामी के बाद उन टीमों से जुड़े । उन्होंने कहा , नीलामी के बाद पहले साल कई खिलाड़ी ऐसे हैं जो उन मैदानों पर पहली बार खेल रहे हैं । मसलन फिल साल्ट केकेआर के साथ था और यहां पहली बार आरसीबी के लिये खेला है। उन्होंने कहा , हमारी टीम में नीतिश राणा नया है जो इसी साल से हमसे जुड़ा है । उसके लिये जयपुर नया मैदान है । द्रविड़ ने कहा कि सत्र आगे बढने के साथ खिलाड़ी खुद को मैदानों के अनुरूप ढाल लेंगे। उन्होंने कहा , जब बड़ी नीलामी होती है तो टीम बदलती है और घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उतना अहम नहीं होता । बाद में खिलाड़ियों को अभ्यास और अधिक खेलने के साथ यह थोड़ा अहम लगने लगे ।




## राहुल ने पिछले सत्र के बोझ को पीछे छोड़ दिया है: पुजारा


**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि लोकेश राहुल लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के साथ पिछले सत्र के निराशाजनक प्रदर्शन से आगे बढ़ चुके हैं और मानसिकता में बदलाव से ना केवल उन्हें अपनी नई आईपीएल फ्रेंचाइजी में बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है बल्कि इससे वह राष्ट्रीय टीम के लिए भी मजबूत खिलाड़ी बन रहे हैं।

राहुल ने मंगलवार को सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और लखनऊ में अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी सुपर जाइंट्स के खिलाफ अपनी नई टीम दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई।

पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के टाइमआउट पर कहा, बस आगे बढ़ो, अतीत का बोझ मत उठाओ। और यह अच्छी बात है। राहुल एक परिपक्व खिलाड़ी है। पिछले कुछ वर्षों से वह सभी प्रारूपों में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है।

उन्होंने कहा, वह अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहता और अपनी बल्लेबाजी का आनंद लेना चाहता है। वह इसके बारे में नहीं सोचता कि जब वह एलएसजी टीम के लिए खेल रहा था तो क्या गलत हुआ था।





पुजारा ने कहा, आगे बढ़ना अच्छा है जो उसे दिल्ली कैपिटल्स और यहां तक कि भारतीय टीम के लिए भी अच्छा खेलने में मदद करेगा। क्योंकि पिछले कुछ समय में वह ऐसा खिलाड़ी है कि उसकी बल्लेबाजी को देखते हुए भारतीय टीम भी उस पर भरोसा करती है।

राहुल की कप्तानी में एलएसजी 2022 और 2023 सत्र में प्ले ऑफ में पहुंच गया था। हालांकि पिछले सत्र में लखनऊ की टीम सातवें स्थान पर रही थी। पिछले साल एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका के साथ राहुल के रिश्ते भी खराब हो गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में गोयनका को हार के बाद लखनऊ के पूर्व कप्तान को सार्वजनिक रूप से फटकार लगाते देखा गया था। कुछ महीने बाद 33 वर्षीय खिलाड़ी को बड़ी नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी ने रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया था। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह विकेटकीपर बल्लेबाज लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल है और मौजूदा सत्र में सात पारियों में 323 रन बनाकर शीर्ष रन स्कोरर के रूप में उभरा है।

इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं होने से राहुल को खुलकर बल्लेबाजी करने में मदद मिल रही है।

नाइट ने कहा, कप्तानी आपके साथ अजीब चीजें कर सकती है - कभी-कभी आपको इससे बहुत फायदा होता है, कभी-कभी यह बोझ बन जाती है। क्या कप्तान नहीं होने का कोई प्रभाव पड़ा है, बस स्वतंत्र होने और मैच की स्थिति के अनुसार खेलने में सक्षम होने का।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।